डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80500 10 ग्राम

₹101000 01 किलो

सेंसेक्स 75,735.96 -203.22 | डॉलर 86.536 -0.354

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 21 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-128, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | पेज-12

छोटे और मध्यम उद्योग ही लाखों...

## एक नजर

### कुंभ से लौट रहे हजारीबाग के छह लोगों की गई जान

**हजारीबाग।** महाकुंभ स्नान कर लौट रहे हजारीबाग के श्रद्धालुओं का वाहन उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। नौ लोग हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम कंडसार के निवासी बताए जाते हैं। इस हादसे में मृत श्रद्धालुओं में कांति देवी, धनवा देवी, मतिया देवी, मुनिया देवी, रंजीत यादव और केशिया देवी शामिल हैं। एक ही परिवार की धनवा देवी और उनके बेटे रंजीत यादव की मौत हो गई है।

### रांची से महाकुंभ जा रही बस में लगी आग

**रामगढ़।** रांची से प्रयागराज महाकुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में रामगढ़ जिले के कुजू में बुधवार की देर रात अचानक आग लग गई। इस हादसे में श्रद्धालु बस का शीशा तोड़कर बाहर कूदे और अपनी जान बचाई। यह हादसा कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत से हेसागढ़ा डायवर्सन के पास हुई है। जानकारी के अनुसार, रांची से प्रयागराज जा रही एक स्लीपर बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बस जब कुजू क्षेत्र से गुजर रही थी, तो उस दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और एसी बस में आग लग गई। बस में कोई आपातकालीन निकास नहीं था और आग तेजी से फैल रहा था, इसलिए श्रद्धालुओं ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास किया।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




## 10वीं बोर्ड में पेपर लीक के बाद जैक ने लिया फैसला

# हिंदी और विज्ञान की परीक्षाएं रद्द

**- पुनर्परीक्षा की तिथियां बाद में की जाएंगी घोषित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 11 फरवरी 2025 से शुरू हुई झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 10वीं बोर्ड की परीक्षा के दौरान हिंदी और विज्ञान का पेपर लीक हो गया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। जैक की जांच में इसे सही पाया गया। इसके बाद झारखंड अधिविद्य परिषद ने पूरे राज्य में हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया है। हिंदी की परीक्षा विगत 18 फरवरी को ली गई थी। वहीं, विज्ञान की परीक्षा गुरुवार (20 फरवरी) को पहली पाली में आयोजित की हुई थी। दरअसल, गुरुवार की परीक्षा के बाद जब वास्तविक प्रश्न पत्र से मिलाया गया, तो वायरल प्रश्नपत्र हूबहू वही पाया गया। इस कारण




हिंदी और विज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी गई। वहीं, जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा के आदेश से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि माध्यमिक परीक्षा 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित प्राचार्यों, केंद्राधीक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि 18 फरवरी को पहली पाली में हुई हिंदी और 20 फरवरी को पहली पाली में हुई मैट्रिक के विज्ञान विषय की परीक्षा रद्द की जाती है। दोनों विषयों के पुनर्परीक्षा की तिथि संबंधी सूचना बाद में दी जाएगी।

### सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में वायरल हुआ प्रश्न पत्र

सूत्रों के अनुसार, सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में यह प्रश्न पत्र वायरल होने की सूचना आई थी। एक वॉट्सएप ग्रुप में क्यूआर कोड डाला गया और मैसेज भेजा गया कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट की आयोजित परीक्षा के प्रश्नपत्र चाहिए, तो इसके लिए 350 रुपए डालना होगा। मैसेज में 20 फरवरी को होने वाली साइंस की परीक्षा का प्रश्नपत्र देने का दावा किया जा रहा था। कुछ देर बाद पीडीएफ मोड में साइंस का प्रश्न पत्र वहां डाला गया, जिसका स्क्रीनशॉर्ट पूरे राज्य में वायरल हो गया।

## शिल्पी नेहा तिर्की ने किया किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन, कहा-

# आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाएं झारखंड के किसान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप)-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, रांची में गुरुवार को किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की ने किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने के कारण कृषि मंत्री इस आयोजन की मुख्य अतिथि रहीं। और, उन्होंने सभी उद्घाटन कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा, कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस तरह के मेले किसानों को नवीनतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के बेहतरीन माध्यम हैं। हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम चाहते हैं कि झारखंड के किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केवीके खूंटी के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से सभी केवीके का दौरा करेंगी। उनके कार्यों का विस्तार से अध्ययन करेंगी, ताकि किसानों के जीवन में सुधार लाने के लिए आवश्यक कार्य किए जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी तकनीक किसानों तक पहुंचे बिना किसी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शहद प्रसंस्करण एवं मधुमक्खी उत्पाद विकास केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही, चंदन वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और



विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों व कृषि उद्यमियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को जैविक खेती, सतत कृषि तकनीकों और आधुनिक प्रसंस्करण विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों का वाणिज्यीकरण अनिवार्य है, जिससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सके। विशेष रूप से मिर्च की खेती को उन्होंने एक लाभकारी व्यवसाय बताया और किसानों को इसके व्यावसायिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। मंच पर उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव, अबूबकर सिद्दीकी पी. और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप शामिल थे। इन अतिथियों ने भी किसानों को संबोधित किया और कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

## नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट प्रखंड में एक 15 वर्षीय लड़की के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग को जबरन खूंटी ले गए, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर लिया है और इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पालकोट हनुमान मंदिर निवासी जगरनाथ नायक उर्फ जग्गू (22), गांधी नगर पालकोट निवासी दीपांशु राज सोनी उर्फ गोलू उम्र 19 वर्ष वर्तमान पता पालकोट गांधी नगर थाना पालकोट जिला गुमला , तेलीटोली पालकोट निवासी आकाश साहू (19), अंबापखना रनिया निवासी संजू कुमार (19) और रनिया खूंटी निवासी किशोर साहू (25) शामिल हैं।

**पुलिस ने चलाया अभियान, लड़की को बरामद किया :** घटना के बाद पीड़िता की मां ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया। थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिसके बाद लड़की को खूंटी से बरामद किया गया। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, ताकि उसके स्वास्थ्य की स्थिति का मूल्यांकन किया जा सके। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।


## हैदरनगर : अपराध के बढ़ते ग्राफ से व्यवसायियों में आक्रोश

# विरोध में सुबह से बंद रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठान

**पुराना थाना परिसर में पिकेट स्थापना की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के खिलाफ गुरुवार को स्थानीय व्यवसायियों का आक्रोश सड़कों पर नजर आया। लगातार हो रही आपराधिक वारदातों से नाराज व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग उठाई। व्यवसायियों ने बताया कि पूर्व में हुई घटनाओं के बाद भी पलामू पुलिस अधीक्षक से पुराना थाना परिसर में पिकेट स्थापित करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इस कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। व्यवसायी संघ ने पुनः पुलिस को



आवेदन सौंपते हुए पुराना थाना परिसर में पिकेट की स्थापना एवं बाजार क्षेत्र में बाइक पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की। इस दौरान स्वतःस्फूर्त बंद की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी के निर्देश पर एएसआई विवेक कुमार ने बाजार का दौरा कर व्यवसायियों से आवेदन प्राप्त किया। व्यवसायियों का कहना है कि यदि सुरक्षा की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो प्रशासन को अनिश्चितकालीन बाजार बंद का सामना करना पड़ेगा।

### व्यापारियों ने गिनाई आपराधिक घटनाएं

मुखिया संतोष कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल, मुकेश कुमार मेहता, शमीम राईन और धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 20 सितंबर 2022 को व्यवसायी अनिल लाल अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर गोलीबारी हुई थी। 13 जनवरी को सिमरसोत पेट्रोल पंप में लूट हुई। 14 जनवरी को बाजार क्षेत्र के बभंडी में शिवकुमार के सीएसपी से 70 हजार रुपये की लूट हुई। 31 जनवरी को मेन बाजार में इमामनगर बरेवा पंचायत के बहेरवाखांड गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। 19 फरवरी को जवाहर पथ स्थित सद्दाम हुसैन के सीएसपी में तीन नकाबपोश अपराधियों ने लूट का प्रयास किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं। कैंपस राजनीति, प्रदेश संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक और मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वे पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए जारी हुई अश्लील सामग्री पर एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के स्टैंड-अप शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर विवादास्पद टिप्पणियों के बीच केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी ओटीटी और सोशल मीडिया चैनलों को उम्र के हिसाब के क्लासिफिकेशन करने और स्व-नियमन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। जारी एडवाइजरी के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म को कंटेंट प्रसारित करते समय कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करना होगा, जिसमें नैतिक संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है। एडवाइजरी में कहा कि गया है कि संसद सदस्यों, वैधानिक संगठनों के प्रतिनिधित्व और लोगों से प्राप्त शिकायतों के बाद अश्लील सामग्री के कथित प्रसार के संबंध में ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट (ओटीटी) और सोशल मीडिया के प्रकाशकों को एक एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 का हवाला दिया गया है, जो ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए एक आचार संहिता और इसके उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए तीन स्तरीय संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। आचार संहिता में अन्य बातों के अलावा ओटीटी प्लेटफार्मों को ऐसी किसी भी सामग्री को प्रसारित नहीं करने पर जोर दिया गया है जो कानून द्वारा निषिद्ध है। इसके साथ 'ए' रेटेड कंटेंट को बच्चों के लिए निषेध करने का निर्देश दिया गया है, ताकि बच्चों को अनुचित सामग्री से बचाया जा सके।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ाया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च, 2027 तक बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल 31 मार्च, 2027 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सीईए नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को मुख्य आर्थिक सलाहकार का पदभार संभाला था।

## शराब दुकान के कर्मचारी पर 16.98 लाख गबन का आरोप

**प्राथमिकी दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जेपी चौक स्थित सरकारी शराब दुकान में कार्यरत प्रभारी रोहित प्रजापति पर 16,97,822 रुपये गबन करने का आरोप लगा है। इस संबंध में केएस मल्टीफैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर निरमेंद्र गुप्ता ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

शराब दुकान प्रभारी रोहित प्रजापति 14 अक्टूबर 2024 से पद पर कार्यरत था। 17 फरवरी 2025 को क्षेत्र पर्यवेक्षक द्वारा की गई जांच में 16,97,822 रुपये की अनियमितता पाई गई। आरोप है कि शराब बिक्री से प्राप्त यह राशि सरकारी राजस्व में जमा करने के बजाय रोहित प्रजापति गबन कर फरार हो गया।



**कंपनी ने की कानूनी कार्रवाई की मांग :** फील्ड ऑफिसर ने अपने आवेदन में रोहित प्रजापति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और सरकारी राजस्व की राशि वापस दिलाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन की प्रतियां उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी और उत्पाद विभाग के अधीक्षक को भी भेजी हैं।


हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश में पुलिस सक्रिय रूप से जांच कर रही है।

## इंडिया

# सेवा का अधिकार से भ्रष्टाचार में कमी हुई पर रोक नहीं लगी




बहुत पुरानी कहावत है कि जिस काम को करने की अवधि तय न हो उसमें मनमानी और भ्रष्टाचार आम बात है । भारत भ्रष्ट देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 180 देशों की सूची में 96वें पायदान पर पहुंच गया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 में भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर है, जबकि वर्ष 2023 में भारत की रैंक 93 थी।विशेषज्ञों एवं व्यवसायियों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के धारणागत स्तरों के आधार पर यह इंडेक्स 180 देशों की रैंकिंग करता है। यह इंडेक्स शून्य से 100 के पैमाने का उपयोग करता है।इसके अनुसार "शून्य" का अर्थ अत्यधिक भ्रष्ट और "100" का तात्पर्य बिल्कुल साफ-सुथरा होता है। इस आधार पर वर्ष 2024 में भारत का कुल स्कोर 38 था, जबकि 2023 में यह 39 और 2022 में 40 था। 2023 में भारत की रैंक 93 थी।भारत के पड़ोसियों में पाकिस्तान (135) और श्रीलंका (121) अपनी-अपनी निम्न रैंकिंग से जूझ रहे हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर है। चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं।भारत के पड़ोसियों में पाकिस्तान (135) और श्रीलंका (121) अपनी-अपनी निम्न रैंकिंग से जूझ रहे हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर है। चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं।करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 के मुताबिक, भ्रष्टाचार दुनिया के हर हिस्से में एक खतरनाक समस्या है, लेकिन कई देशों में बेहतरी के लिए बदलाव हो रहा है। शोध से यह भी पता चला है कि भ्रष्टाचार जलवायु कार्रवाई के लिए एक बड़ा खतरा है। यह उत्सर्जन को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग के अपरिहार्य प्रभावों के अनुकूल होने की प्रगति को बाधित करता है। झारखंड में पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने दाखिल खारिज में लापरवाही के आरोप में नीलांबर-पीतांबरपुर के सीओ सहित तीन अधिकारियों पर 65-65 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जो उनके वेतन से वसूल करने का आदेश कोषागार को दिया गया है। इन पर आरोप है कि इन्होने झारखंड राज्य सेवा का अधिकार कानून 2011 के अंतर्गत निर्धारित अवधि में 62 आवेदनों को निष्पादित नहीं किया। कानून में प्रावधान है सामान्य स्थिति में 30 दिनों में और आपत्ति कि स्थिति में 90 दिनों में म्यूटेशन का कार्य पूरा कर देना है। इस कड़े कदम से अचानक




लोगों को पता चला कि ऐसा कोई कानून झारखंड में लागू भी है। ऐसा ही कानून पुलिस विभाग में भी लागू है। पुलिस आदेश संख्या 53/2012 के द्वारा तत्कालीन महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक गौरी शंकर रथ के आदेश से लागू आदेश पर 2 मार्च 2012 कि तिथि अंकित है। इसके अनुसार पासपोर्ट निर्गत करने के लिए,शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने के लिए,सेवा में नियुक्ति और किसी प्रकार का चरित्र प्रमाण पत्र के सत्यापन की अवधि थाना प्रभारी को 7 दिनों की दी गई है और प्रथम और द्वीतीय अपील के लिए अनुमंडल पुलिस अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को 3-3 दिनों का समय दिया गया है। झारखंडवासी जानते हैं कि इस कानून की धज्जियां उड़ाते हुए हजारों मामले विभिन्न थानों में लंबित हैं या समयावधि पार हो जाने के बाद उन्होने थक कर दौड़ना छोड़ दिया या रिश्वत देकर अपना काम कराया। सेवा का अधिकार अधिनियम, नागरिकों को तय समय में सार्वजनिक सेवाएं पाने का अधिकार देता है। इस अधिनियम के तहत, अगर कोई सरकारी अधिकारी समय पर सेवाएं नहीं देता, तो उस पर दंड लगाया जा सकता है। इसका उद्देश्य सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसमें सरकारी अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार कम करने की कोशिश की जाती है। इस अधिनियम के तहत, समय पर सेवाएं न देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। मध्य प्रदेश ने साल 2010 में लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू कर भारत का पहला राज्य बना। बिहार ने साल 2011 में सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया था। हरियाणा ने 2014 में तो उत्तराखंड ने साल 2011 में सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया था। इस अधिनियम के तहत, सेवाएं पाने के लिए आरटीपीएस काउंटर, ब्लॉक कार्यालय, या वेब पोर्टल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस अधिनियम के तहत, 10 विभागों की 52 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है।भ्रष्टाचार का बड़ा कारण पारदर्शिता का अभाव और निगरानी तंत्र की व्यवस्था का कमजोर होना है । पब्लिक से योजनाओं के लाभ और सेवा का अधिकार से उन्हें प्राप्त करने की समयावधि संबंधी जानकारी छिपाना है । सरकार को सरकारी रेडियो टीवी से जो कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसी जागरूकता फैलाते रहते हैं और अधिक सशक्त बनाकर जागरूकता फैलानी चाहिए साथ ही भ्रष्टाचार या सेवा का अधिकार कानून सहित सूचना के अधिकार कानून को प्रभावी बनाना चाहीए। सबसे अधिक प्रचार हर चौक चौराहे पर होर्डिंग लगाकर यह करनी चाहिए कि बिजली चोरी,घूस या किसी और तरह की शिकायतें किस नंबर पर की जाएं।

# हाईकोर्ट ने लगाई रांची विवि के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक

**कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जानी थी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय में कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए वर्ष 2024 में निकाले गए विज्ञापन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पूर्व से कांट्रैक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट टीचर संजीता कश्यप एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में रांची विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार को आठ सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची विश्वविद्यालय ने कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए 13 मार्च 2024 को विज्ञापन जारी किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि इस विज्ञापन से नियुक्ति होने के बाद रांची विश्वविद्यालय में पूर्व से कांट्रैक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट शिक्षकों को हटा दिया जाएगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि कांट्रैक्ट कर्मियों की नई नियुक्ति कर पुराने कर्मियों को हटाया जाना उचित नहीं है। कांट्रैक्ट कर्मियों को केवल स्थायी नियुक्ति से ही रिप्लेस किया जाना संभव है। राज्य सरकार ने भी एक संकल्प जारी कर कहा है कि नए संविदाकर्मियों की नियुक्ति के बाद पुराने संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी। रांची विश्वविद्यालय ने शिक्षकों के कुल 321 पदों पर आवश्यकता के अनुसार कांट्रैक्ट पर नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू की थी। इसमें मेरिट लिस्ट तैयार करने के दौरान उत्पन्न विवादों के मद्देनजर राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने एक हफ्ता पहले रांची विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों में चल रही आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

# तीन नकाब पोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर सीएचसी लूटा

## एक माह के अंदर दूसरी बार लूट की घटना

### ◀◀ पैसा नहीं मिलने पर पर आई फोन उठा ले भागे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जवाहर पथ मुहल्ला में भारतीय स्टेट बैंक अधीन स्थापित सद्दाम राईन के ग्राहक सेवा केंद्र को नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल की नोंक पर लूटने का प्रयास किया। बुधवार की देर रात सीएसपी सहित बाजार में ग्राहकों की भीड़ जमा थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीएसपी के सामने बाइक से पहुंचे तीन नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल सटाकर पैसे देने की मांग की। पैसा शाम ढ़लते ही सीएसपी में बचे ही नहीं थे। गुस्साए अपराधियों ने संचालक का एक आई फोन लेकर भाग निकले। एक माह के भीतर ही सीएसपी में लूट की दूसरी घटना से बाजार क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी दहशत है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस घटना की सूचना स्थानीय थाना को दिये जाने के बाद पूरे मामले की छानबीन में पुलिस जुटी है। साथ ही कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने का काम जारी है। हैदरनगर थाना प्रभारी के रुप में बुधवार को ही प्रशिक्षु आइपीएस दिव्यांश शुक्ल के पदभार ग्रहण किये जाने के बाद अपराध नियंत्रण पर हरसंभव लगाम लगने की आस लोगों में है।




# घटिया निर्माण पर ग्रामीणों ने पीसीसी काम रोका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पीएमजीसएसवाई से निर्मित हैदरनगर प्रखंड की महत्वपूर्ण बिलासपुर मोड़ से वाया बिलासपुर, नौडीहा, पतरिया, बंशीपुर, बभंडी होते मरघटिया पथ से हैदरनगर उच्च विद्यालय तक 14 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण के दौरान पीसीसी कार्य को हैदरनगर में ही बुधवार की देर शाम को रोक दिया है। उन्होंने पलामू के उपायुक्त से निर्माण कार्य की जांच कर संवेदक पर तत्काल कार्रवाई कर काली सूची में डालने की मांग की है। हालांकि ग्रामीणों ने संबधित संवेदक से प्राक्कलन अनुसार कार्य करने व इस मार्ग में बिछाये गये डस्ट पर पानी प्रतिदिन छिड़काव करने को कहते रहे, किन्तु आज तक इसका अनुपालन नहीं किया गया। कार्य स्थल पर मौजूद संवेदक के मुंशी ने कहा कि प्राक्कलन मुताबिक ही कार्य किया जा रहा है। पूर्व की बनी सड़क की बिना सफाई किये ही आठ ईंच के बजाय मात्र तीन इंच ढलाई किया जा रहा था। हैदरनगर बाजार क्षेत्र के ग्रामीण व भाजपा नेता संजय कुमार सिंह, शंकर ठाकुर, अशोक सिंह ने पलामू के उपायुक्त से सड़क निर्माण कार्य में की गई अनियमितता की अविलंब जांच कराने की मांग की है।

# न्यूज बॉक्स

## प्रखंड में सरकारी राईस, चिनी मील, इथेनॉल प्लांट लगाने व कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के प्रगतिशील किसान प्रियरंजन सिंह ने कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के मेदिनीनगर आगमन पर मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने मंत्री को दिए गये पत्र में कहा है कि हुसैनाबाद क्षेत्र के किसानों द्वारा पीपरमेन्ट,पामारोजा, तुलसी, लेमनग्रास, शुगर फ्री काला धान, लाल धान, मैजिक राईस, शुगर फ्री चावल, काला गेहूँ, ब्लू गेहूँ, शुगर फ्री आलु, काला आलू, मछली पालन, चियां सीड, बीज उत्पादन, गाय पालन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं जैविक खेती एवं प्रशिक्षण का कार्य वृहत पैमाने पर किया जा रहा है। किसानों द्वारा आधुनिक खेती से फसल कम समय एवं कम लागत में अधिक लाभ देती है। अनुरोध किया है कि किसानों हित को देखते हुए कृषि को उद्योग के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से हुसैनाबाद में सरकारी राईस मील, चिनी मील, इथेनॉल प्लांट लगाने एवं कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करना आवश्यक बताया है।

## बिना बैच नंबर और मैन्युफैक्चरिंग डेट के बिक रहा बच्चों का खाद्य पदार्थ

**ऊंटारी रोड।** ग्रामीण क्षेत्रों मे धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है बिना मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट के बच्चों के लुभावने खाद्य पदार्थ। इससे खाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा नियमों को अनदेखा कर बच्चों के लुभावने खाद्य पदार्थ छोटे-छोटे दुकानों और ठेलों पर खूब बिक्री किया जा रहा है। उंटारी रोड थाना क्षेत्र के डेवडर में बुधवार को बच्चों के खाद्य स्नैक्स बिना बैच नंबर और उत्पादन तिथी के बिक्री किया जा रहा था। दुकानदार से पूछे जाने पर बताया की कंपनी का माल है, ऐसे ही आता है। पैकेट पर अंकित मोबाइल नंबर पर बात करने पर बताया कि हमारे सभी प्रोडक्ट पर बैच नंबर मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपायरी तिथी रहता है।

# फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। यह जानकारी चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि थाना के वारंटी शिवकुमार कोरवा उर्फ शनिचर कोरवा पिता टुन्नू कोरवा थाना क्षेत्र के परशुखाड़ गांव निवासी पर न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस को इस आरोपी की काफी दिनों से तलाश थी। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में जितने भी लोगों के ऊपर गढ़वा न्यायालय से वारंट निर्गत है, वह समय रहते आत्म समर्पण करें नहीं तो उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शहरी क्षेत्र के पीएम आवास योजना के योग्य लाभुक ऑनलाइन करें आवेदन: शशि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 क्षेत्र अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार व निवर्तमान नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वैसे लाभुक जो विभिन्न कारणों से पीएम आवास योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। वे सभी लाभुक दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने नगर पंचायत वासियों से अपील की है कि योग्य लाभुक आवश्यक दस्तावेज के साथ यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर पीएम आवास योजना का लाभ लें। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने बताया कि योग्य लाभुक के परिवार में किसी भी सदस्य का पूरे भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं हो, इस योजना के अन्तर्गत लाभुक के परिवार में पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे, लाभार्थी को पूर्व में किसी भी अन्य आवास योजना का लाभ प्राप्त न हुआ हो, लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं,उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), आधार कार्ड की छायाप्रति (पति एवं पत्नी),बैंक पासबुक की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र,भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र,लाभुक का मोबाईल आधार कार्ड से लिंक हो,भू-स्वामित्व पत्र, घर के साथ पारिवारिक फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन करें।



# राजस्व कैंप में भूमि संबंधित 9 मामले आए, सभी प्रक्रियाधीन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पूर्व निर्धारित दिवस पर राजस्व कैंप लगाया गया। इस कैंप में मौजूद राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के निदेर्शानुसार कैंप में भूमि संबंधित मामलों के आवेदन पत्र प्राप्त करने के साथ निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहज संभव मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है। बाकी के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कुल 9 आवेदन जमा किए गए हैं। इनमें लगान रसीद के 8 और पंजी टू में नाम सुधार का एक मामले शामिल हैं। इनमें सभी प्रक्रियाधीन हैं। इस कैंप में उनके अलावा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया शोभा देवी, उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह, समाजसेवी उदय कुमार सिंह, अंचल अमीन विनय यादव सहित अन्य कई वार्ड सदस्य और ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने बताया सभी पंचायतों में चालू माह के प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर भूमि समस्या संबंधित मामलों के आवेदनों का निष्पादन का काम शुरू किया गया है। इसमें खासकर, म्यूटेशन, लगान रसीद, रैयत के नाम, खाता और प्लाट संख्या की त्रुटियों में सुधार करने का काम किया जा रहा है। रामबांध, पंसा, कोल्हुआ-सोनबरसा, लटपौरी, गोड़ाडीह के बाद अब 22 को मोहम्मदगंज, 24 को भजनियां और 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायतों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में भूमि संबंधित मामलों के आवेदन प्राप्त करने के साथ ही संभव का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। शेष के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मामलों के निष्पादन में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। उन्होंने समस्याओं के समाधान को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को उक्त कैंप में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# विज्ञान विषय की परीक्षा में केन्द्रों पर 1507 में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों में स्थापित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के विज्ञान विषय की शांतिपूर्ण परीक्षा गुरुवार को संपन्न हो गई। स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केन्द्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि इस केन्द्र पर 655 में 648 परीक्षार्थी विज्ञान विषय की परीक्षा दी है। इस विषय में अधिकांश परीक्षार्थी के भाग लेने से पूरा विद्यालय परिसर में गहमागहमी रहा है। वहीं बाजार मीडिल स्कूल के केन्द्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि 376 में एकमात्र परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है। जबकि पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के केन्द्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दंडाधिकारी सह बीडीओ रणबीर कुमार की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करा ली गई है। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र पर कुल 477 में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के उमड़े परीक्षार्थी व उनके अभिवावकों की भीड़ को देखते हुए सभी केन्द्रों पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की विधि व्यवस्था भी चाक चौबंद रही है।

# अजाप्टा का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड के सीमांत प्रखंड हुसैनाबाद के शिक्षकों ने विधायक संजय कुमार सिंह यादव से पुरंदर बिगहा स्थित आवास पर मुलाकात की। आसन्न बजट सत्र के पूर्व वृत्ति उन्नयन एमएसीपी के लिए गुहार लगाई। अजाप्टा के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में एकीकृत बिहार में 1994 में नियुक्त शिक्षक अभी तक एक ही वेतनमान में काम करने को अभिशप्त हैं। दीर्घ सूत्रता विभागीय नियमों के आलोक ससमय प्रोन्नति नहीं मिल पाती है। प्रोन्नति मिलती भी है तो बहुतेरे शिक्षक वंचित रह जातें हैं। अभी तक बिहार की नियमावली ही झारखंड में प्रभावी है। लगभग दो तीन वर्षों पूर्व बिहार में सभी कोटि के शिक्षकों को एमएसीपी मिल गया।झारखंड में भी सभी विभागों व कल्याण विभाग पोषित विद्यालयों में शिक्षकों को मिल रहा है। अजाप्टा के प्रदेश इकाई के आह्वान पर कई चरणों का आंदोलन भी किया गया है।अगस्त माह 2024 में आमरण अनशन तक किया गया था। इस प्रखंड के पांच शिक्षक राजभवन के समक्ष अनशन पर बैठे थे। उस अनशन में उन्होंने भी शिरकत कर हौसला अफजाई किया था। 16 अगस्त को अंतर्विभागीय बैठक भी हुई। बजट आकलन भी हो गया है लेकिन मंत्रिमंडल में नहीं आ सका है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन के मजबूत फोल्डर राजद है। हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष भी है। उनसे शिक्षकों की काफी उम्मीदें हैं। शिक्षकों की मांग पर विधायक ने कहा कि बजट सत्र में प्रश्न रखा गया है। वह पुरजोर तरीके से इस मामले को उठायेंगे। विधायक से मिलनेवालों में प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम ,प्रमोद पासवान, मनोज कुमार चौधरी, महेंद्र बैठा ,राजेश गुप्ता, कृष्ण कांत सिंह सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।



# मैट्रिक विज्ञान विषय में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में गरुवार को मैट्रिक के विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। इसमें कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि विभिन्न स्कूलों के कुल 475 परीक्षार्थी उपस्थित थे। बतौर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने निरीक्षण किया। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने परीक्षा की निगरानी की। शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित किया। प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र तिवारी सदलबल तैनात थे। इस परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न 4 स्कूलों के 477 परीक्षार्थियों का केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 परीक्षार्थी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस केंद्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध है।

# जलसा ए दस्तार बंदी में 5 बच्चों को दी गई उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के करमा गांव के मदरसा नूरिया रजविया गौसिया महमुदुल उलूम में पैगाम ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी (दीक्षांत समारोह) का आयोजन बुधवार की रात्रि में किया गया। इसमें में 5 बच्चों को हाफिज के कुरान की उपाधि से नवाजा गया। जलसा का आगाज कारी इकरामुल हक ने कुरान पाक की तिलावत से की, जिसमें दुद्धी सोनभद्र (यूपी) से तशरीफ फरमा पीरे तरीकत हुजूर नसीरे मिल्लत ने बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को पगड़ी पोशी की। फरमाया कि हमें बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ ही दुनियावी तालीम हासिल कराने की जरूरत के साथ एक मदरसा को चलाने के लिए सभी वर्ग के लोगों का सहयोग जरूरी है। मुख्य अतिथि सैय्यद सबाहत मियां ने मुसलमानों से आह्वान किया कि इस्लाम में औरत को पर्दा के साथ, शराब हराम है। इस्लाम धर्म दूसरे धर्म को बुरा कहने की कभी भी इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि जब इंसानी समाज में बुराइयां दिखाई देने लगती है, तब हम लोगों को अल्लाह के गुस्से का शिकार होना पड़ता है। शेयर शाहबाज राजा नूरी व नूर ए मुजस्सम दोनों ने एक से बढ़कर एक नात सुनाया। मौके पर मुफ्ती इकबाल हबीबी कारी कुतुबुद्दीन, अब्दुल वकील मिस्बाही, मौलाना शाहिद रजा, हाफिज महफूज, मौलाना सरफराज रहबर, सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुम्मन मियां, सदर मकसूद आलम, मो. इसरार, मो. आरिफ, शौकत, तबरेज, शमशाद अंसारी अब्दुल वकील, मो. मरगूब अहमद, जफर, अब्दुल जब्बार, गुलाम मुस्तफा, तहसीन रजा, सिबतेन रजा, असलम (राजा), इंडियन हुसैनी युवा क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।




# कृषि मंत्री को सौंपा 14 सूत्री मांग पत्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर आगमन पर झारखंड के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को किसानों के हित में 14 सूत्री मांग सौंपकर निदान कराने का आग्रह किया गया है। इस संबध में हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने मांग पत्र में बताया है कि इस प्रखंड के किसानों की स्थिति काफी दयनीय है। जिसके समाधान कराने की अत्यंत जरुरत है।

**परेशानी**

## अगहन से जेठ महीने तक मवेशियों के लिए चारे का आयात होता है

# झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बिहार के चारे से हो रहा पशुपालन

### ◀ दुध और उपले से होती है चारे पर खर्च की भरपाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पशुपालक मवेशियों के पालन-पोषण के लिए बिहार राज्य के सीमावर्ती इलाकों (नवीनगर) से आयातित चारे (पौटा) पर निर्भर हैं। इसकी वजह इस इलाके में खपत के अनुपात में इस किस्म के चारे की कम उपलब्धता बताया जाता है। वैसे भी नहरी इलाके को छोड़ मैदानी इलाकों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण धान की पैदावार भी कम हो पाती है। ऐसी स्थिति में पर्याप्त मात्रा में चारा (पौटा) उपलब्ध नहीं हो पाती है। जानकार बताते हैं कि अगहन से जेठ महीने तक कमोबेश चारे की आयात की जाती है। इसकी आपूर्ति स्थानीय स्तर पर पारस सिंह करते हैं। जिन्हें इसकी जरूरत होती है, उन्हें ऑर्डर करते हैं, और वे नबीनगर इलाके के चारा उत्पादकों को सूचित कर पूरी खेप उपलब्ध करा देते हैं। इससे उनकी भी जीविका चल जाती है। उन्होंने बताया कि करीब एक दशक से वे इस कारोबार में लगे हुए हैं। इससे उनकी जीविका तो चलती ही है, मवेशियों को चारा उपलब्ध कराने से उन्हें एक बड़ा पुण्य कमाने का एहसास होता है। चारा के खरीददारों में थोक और खुदरा दोनों तरह के पशुपालक शामिल होते हैं। चारे की किल्लत न झेलना पड़े, इसलिए कई पशुपालक खपत के हिसाब से भंडारण भी कर लेते हैं। अभी इस चारे का भाव 500 रुपए क्विंटल है। खपत और मांग के अनुरूप इसका भाव भी बढ जाता है। जानकर रामजन्म राम, कृष्णा यादव और अन्य का कहना है कि गौपालन का महत्व दुग्ध उत्पादन के साथ ही धार्मिक दृष्टिकोण से भी है। ऐसे में प्रायः घरों में अच्छी नस्ल के गौपालन हो रहा हैं। वहीं पुश्तैनी तौर पर भी खास जाति के लोग भैंस के साथ ही देहाती नस्ल के गाय के झुंड का पालन कर रहे हैं। ऐसे में दुध और उपला से खुद की जरूरत पूरी करने के बाद उसकी बिक्री आमदनी का जरिया बन गया है।



# शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार का मिलेगा अवसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 24 फरवरी को मेदिनीनगर में आयोजित रोजगार मेला को लेकर गुरुवार को प्रखंड सभागार में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मेला में उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर बीडीओ रणवीर कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।इसे लेकर 4 दिवसीय प्रचार अभियान की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर पुनः रवाना किया गया। जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि जॉब के इच्छुक युवाओं को रोजगार मेले में ले जाने के लिए उक्त तिथि की सुबह बस की सुविधा उपलब्ध होगी। रोजगार मेले में भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनी हिस्सा ले रही है। इस मेले में चयनित युवाओं को निःशुल्क थाना और ब्लॉक के माध्यम से सत्यापन के साथ कंपनी में रोजगार दिलाने का काम किया जाएगा। उनके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए 4 दिवसीय प्रचार अभियान में रोजगार को लेकर युवाओं में जागरूकता पैदा हुई। रोजगार मेले में उनकी उपस्थिति देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में बतौर विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार, उमेश राम मुखिया, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, बीपीआरओ अविनाश, कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, मनरेगा सहायक अभियंता अविनाश कुमार, कनीय अभियंता प्रभंजन कुमार, राहुल कुमार, प्रखंड सहायक मनीष कुमार सिंह, समाजसेवी सच्चिदानंद पाठक, युवा राजद नेता सिद्धार्थ कुमार के अलावा बीपीएम भूपेश कुमार, ब्लॉक एडमिन मुकेश कुमार, आईपीआर मीना कुमारी और ऑफिस ब्वॉय आलोक कुमार, दोनों सीएफ सहित अन्य कई प्रखंडकर्मी मौजूद थे।



# स्त्री मुक्ति से अधिक मुक्त स्त्री की चिंता करती थीं कृष्णा सोबती : प्रो. प्रकाश शुक्ल



**हिंदी विभाग में विचार गोष्ठी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को हिंदी विभाग, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय एवं जी.एल.ए. महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा सोबती की जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी आयोजित की गई। विषय था 'कृष्णा सोबती और स्त्री मुक्ति के प्रश्न'।

मुख्य अतिथि प्रो. प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सर्जक की आंख और हाथ में कलम हो तो वह सबसे शक्तिशाली होता है। कृष्णा सोबती का लेखन स्त्री मुक्ति से अधिक मुक्त स्त्री के चिंतन को रेखांकित करता है। विशिष्ट वक्ता डॉ. आर्यपुत्र दीपक ने कहा कि सोबती का रचनात्मक संसार अनुभवों की कोख से जन्मा है, जो तर्कशीलता और प्रतिवाद की प्रेरणा देता है। अध्यक्षता कर रहे प्रो. बैजनाथ राय ने साहित्य को समाज सुधार का माध्यम बताया।

संगोष्ठी का संचालन आरती कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन घनश्याम जी ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद

# सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से 82 बीयर और 495 बोतलें देसी शराब जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से पांच बोरियों में भरी अवैध शराब और बीयर जब्त की।

आरपीएफ निरीक्षक बनारसी यादव के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक कृष्णानंद उपाध्याय के नेतृत्व में गश्त कर रहे जवानों ने ट्रेन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंचने के बाद लावारिस हालत में यह खेप बरामद की। जब्त सामान में किंगफिशर ब्रांड के 82 बीयर केन और ब्लू लाइम ब्रांड की 495 देसी शराब की बोतलें शामिल हैं। शराब ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। जब्त सामग्री को उत्पाद अधीक्षक गढ़वा को सुपुर्द कर दिया गया।




## आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान की मौत



**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 11 फरवरी को हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान महिमानंद शुक्ला का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कमलकेड़िया गांव के निवासी थे। महिमानंद शुक्ला 2001 में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में सीआरपीएफ की 231वीं वाहिनी में हवलदार के रूप में कार्यरत थे। वे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हो गए थे। उनके दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। स्वर्गीय शुक्ला अपने पीछे पत्नी और दो संतानों को छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से गांव में शोक का माहौल है। पार्थिव शरीर गुरुवार रात पलामू पहुंचेगा, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## कुंभ से घर लौट रहे बुजुर्ग की नदी में डूबने से मौत

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के एक बुजुर्ग की पलामू के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा में बांकी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र सिंह (62) के रूप में हुई, जो छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के छत्तरपुर (बलरामपुर) जिले के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामचंद्र सिंह महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे थे। प्रयागराज और वाराणसी में स्नान करने के बाद वह अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। उनके पास से वाराणसी से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का टिकट बरामद हुआ, लेकिन गलती से वह पलामू के उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर उतर गए। स्टेशन से निकलने के बाद वे बांकी नदी में स्नान करने गए, जहां गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उंटारी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जो मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस स्थान पर बुजुर्ग स्नान करने गए थे, वहां 7 फीट से अधिक गहरा पानी था, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो गया और उनकी मृत्यु हो गई।

## क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के समीप मिला युवक का शव, दुर्घटना या हत्या पुलिस कर रही है जांच



**प्रतापपुर (चतर)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बलवा दोहर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के साथ एक युवक का शव गुरुवार को ग्रामीणों ने देखकर सूचना प्रतापपुर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और पास में पड़े युवक के शव को देखकर उपस्थित लोगों ने कहा प्रथम द्दष्टया सड़क दुर्घटना का मामला जान पड़ता है। शव की पहचान नीरज कुमार यादव पिता उमेश यादव के रूप में मृतक के दादा बलवादोर निवासी जगदीश यादव ने की। दुसरी ओर नीरज के हुई इस मौत को लेकर उसके परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं। वहीं इस संदर्भ में मृतक के दादा जगदीश यादव ने प्रतापपुर थाने में आवेदन देकर 18 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। उनका कहना है कि एक दिन पहले उन्हें धमकी दी गई थी कि तुम्हारे पोता को जान मार देंगे और यह घटना अब घटित हो गई तो ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों ने ही हमारे पोते की जान ली है। वैसे पुलिस ने नीरज के शव को अपने में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। नीरज की मौत एक दुर्घटना है या हत्या इसके लेकर पुलिस हर बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# सतबरवा में गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा में आज 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ प्रथम महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर ने सैकड़ों महिलाओं के साथ झंडारोहण एवं कलश यात्रा निकालकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा देश हिंदुओं का देश है और इस प्रकार के आयोजन से हमें शांति और शक्ति प्राप्त होती है।

अरुणा शंकर ने कहा कि आज महिलाओं के लिए गर्व का दिन है, जब देश की राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता, जिन्होंने पार्षद से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी, मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रही हैं। यह उपलब्धि देश की आधी आबादी को गौरवान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि अब देश में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, जो नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। कलश यात्रा के दौरान कई बुजुर्गों और माताओं ने प्रथम महापौर को आशीर्वाद दिया। वहां के लोगों के स्नेह से भावुक होकर उन्होंने कहा कि सतबरवा का प्रेम उन्हें हमेशा आकर्षित करता है और वे हर सुख-दुख में यहां आकर सहभागी बनना चाहती हैं। इस अवसर पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव सत्यनारायण मेहता, सह सचिव सुरेश सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष सुभाष प्रसाद, मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी, अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, बुजुर्ग और युवा मौजूद थे।

### वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता

आज दोपहर 11 बजे होटल ज्योति लोक के सभागार में पलामू चैंबर महिला विंग द्वारा दिल्ली में पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशी मनाई जाएगी। साथ ही, चेंबर महिला विंग द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने दी कड़ी चेतावनी

# किराया नहीं जमा करने वाले दुकानदारों का आवंटन होगा रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने जिला परिषद की राजस्व वसूली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि जिला परिषद की दुकानों के कई आवंटित दुकानदार लंबे समय से किराया जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया जाए।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि समय पर किराया जमा न करना सरकारी राजस्व की हानि है। यदि निर्धारित समय के भीतर बकाया किराया जमा नहीं किया गया तो संबंधित दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें सील करने की कार्रवाई होगी। साथ ही, बकाया वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि कई दुकानदारों को पहले भी नोटिस भेजे जा चुके हैं, फिर भी वे किराया जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि जिले में 280 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से लगभग 100 केंद्र भूमि विवाद के कारण लंबित हैं। इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अंचलाधिकारी से फोन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही, अंचलाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के साथ विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं और अन्य लंबित परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और जिला परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट : चक्रधरपुर को हराकर फाइनल में पहुंची दिल्ली



**4-1 की शानदार जीत, फाइनल में नई चुनौती का इंतजार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में चल रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में दिल्ली नॉर्दर्न टीम ने चक्रधरपुर की टीम को 4-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं, लेकिन दूसरे हाफ में दिल्ली की टीम ने तीन गोल दागकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच से पूर्व छत्तीसगढ़ में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान महिमानंद शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व नगर उपाध्यक्ष मनोज सिंह और विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार को पलामू और दुगार्पुर की टीमों के बीच खेला जाएगा।

# स्कूली छात्रा से दुष्कर्म मामले में डालसा ने लिया संज्ञान, जल्द मिलेगा मुआवजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिपरा थाना अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के आधार पर संज्ञान लिया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष एवं पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने इस मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव को पीड़िता को हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

इसी क्रम में डालसा के माध्यम से पीड़िता को राशन सामग्री और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं पैरा लीगल वोलंटियर (पीएलवी) के जरिए प्रदान की गईं। साथ ही, विक्टिम कम्पनसेशन के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता ने विक्टिम कम्पनसेशन के लिए आवेदन दिया है, जिस पर त्वरित कार्रवाई हो रही है। पीएलवी के माध्यम से तत्काल राहत के रूप में राशन एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गई हैं। जल्द ही मुआवजे की राशि भी पीड़िता को प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि पीड़िता चार बहनों में दूसरे नंबर पर है। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि तीन छोटी बहनें हैं। पीड़िता के माता-पिता का निधन हो चुका है और वर्तमान में उसका भरण-पोषण चाचा-चाची द्वारा किया जा रहा है।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नाबालिग का रेस्क्यू

**चार दिनों से स्टेशनों पर भटक रहा था बच्चा**

**मेदिनीनगर।** बुधवार रात करीब 11:40 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने एक मूक-बधिर नाबालिग को रेस्क्यू किया। रेलवे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, बरकाकाना से मिली शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, यह नाबालिग उत्तर प्रदेश के वृंदावन का रहने वाला है और पिछले चार दिनों से विभिन्न स्टेशनों पर भटक रहा था।

आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि रेस्क्यू के बाद उसे सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है और परिजनों को सूचित किया गया है।

# एमएमसीएच में आउटसोर्सिंग कर्मियों का कटा वेतन, कंपनी को पुनः भुगतान का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम स्थित एमएमसीएच अस्पताल में कार्यरत बालाजी कंपनी के सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन में कटौती कर दी गई है। अधिकतर कर्मचारियों का 2000 से 3000 रुपये तक वेतन काटा गया, जिससे वे नाराज होकर गुरुवार सुबह धरने पर बैठ गए। बाद में सभी कर्मचारी अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी कुमार से मिले, जिन्होंने आश्वासन दिया कि बालाजी कंपनी के अधिकारियों से बात हुई है और एक सप्ताह के भीतर सभी का कटा हुआ वेतन वापस दिया जाएगा। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि कर्मचारियों का वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर दिया गया है। कई कर्मचारियों ने दोनों समय की बायोमैट्रिक हाजिरी नहीं लगाई, जिसके कारण उन्हें आधे दिन की उपस्थिति ही मिली और वेतन कटा। हालांकि, जो कर्मचारी पूरे महीने काम पर रहे लेकिन बायोमैट्रिक उपस्थिति पूरी नहीं कर पाए, उनके वेतन की भी कटौती हुई। अस्पताल प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों को वेतन जल्द लौटाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद दोपहर 12 बजे कर्मी काम पर लौट आए। सुबह से दोपहर तक अस्पताल परिसर में सफाई न होने के कारण मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जागरूकता अभियान के तहत उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने हस्ताक्षर कर जागरूकता संदेश दिया। इस अभियान के तहत बालिका जन्म पर खुशी मनाने, लिंग भेद खत्म करने, बालिकाओं का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित करने और उनकी शिक्षा जारी रखने, बाल विवाह और दहेज प्रथा का विरोध करने, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और हिंसा मुक्त वातावरण देने, तथा उन्हें संपत्ति में समान अधिकार दिलाने का संकल्प दोहराया गया।

### हस्ताक्षर अभियान की भी हुई शुरूआत

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना और बेटियों के प्रति समाज की मानसिकता को बदलना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां किसी से कम नहीं हैं और वे मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि यह अभियान 22 जनवरी से चल रहा है और 8 मार्च तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और बाल विवाह की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पलामू की पुलिस अधीक्षक और सदर अनुमंडल पदाधिकारी को महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण बताया और महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति और सकारात्मक सोच से समाज में बदलाव लाने के लिए कार्य करें।

# भाजपा नगर मंडल में संगठन पर्व कार्यशाला में बूथ कमेटी गठन पर जोर

**महापुरुषों को श्रद्धांजलि देकर हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पलामू में भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर के तत्वावधान में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल चुनाव अधिकारी (प्रभारी) एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा तथा मंडल सह प्रभारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजहंस अग्रवाल उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि कामेश्वर कुशवाहा ने कहा कि 25 फरवरी तक सभी बूथों की बूथ कमेटी का गठन पूरा करना अनिवार्य है। इसके बाद मंडल और पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सक्रिय सदस्य ही मंडल अधिकारी या पंचायत अध्यक्ष बन सकते हैं। सह प्रभारी राजहंस अग्रवाल ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्ष निर्धारित समय में बूथ कमेटी का गठन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया, जबकि समापन की घोषणा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा जौहरी ने अपनी बात रखते हुए की।

इस कार्यशाला में जिला सोशल मीडिया प्रमुख अविनाश सिंह छोटू, जिला आईटी सेल प्रमुख शुभम गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सी.एस. दुबे, वीरेंद्र सिन्हा, मंजू गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ : तृतीय दिन राम-सीता विवाह का आयोजन

# श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, मंगल गीतों से गूंजा वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस का 38वां अधिवेशन जारी है। नव दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह परायण पाठ महायज्ञ के तृतीय दिवस पर राम-सीता विवाह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर यज्ञ मंडप में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

मुख्य आचार्य दीपक पांडे के नेतृत्व में मंगल गीत एवं गारी प्रस्तुत की गई, जिससे श्रद्धालु झूम उठे। महिलाएं रामजी के लिए धोती और माता सीता के लिए साड़ी व फूलमाला लेकर आईं। अयोध्या पक्ष और जनकपुर पक्ष के श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति से विवाह उत्सव मनाया। बुधवार रात श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली, जनकपुर मिथिला धाम दरभंगा द्वारा राम जन्म और रावण-विभीषण प्रसंग का मंचन किया गया।



# छात्रा दुष्कर्म का मामला: गिरफ्तारी की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा के साथ बलात्कार की घटना के 6 दिन बाद भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बसपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाली गयी। हाथ में मशाल लिए आरोपी को गिरफ्तार करो नारा लगाते लोग हाई स्कूल से पिपरा बाजार होते हुए थाना तक पहुंच कर जुलूस सभा में तब्दील हो गयी।



पूर्व विधायक ने कहा कि दलित परिवार की बेटी को न्याय दिलाने में पुलिस अब तक असफल रही है। अगर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो 23 फरवरी के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी जवाबदेही पुलिस प्रशासन की होगी। मशाल जुलूस में बसपा के राजकुमार गौतम, प्रमोद कुमार रवि, सूरजमल राम ,रविरोशन , चितरंजन बौद्ध, प्रमोद राम, मुकेश रवि, अर्जुन राम, रामपरिखा राम, विवेक मेहता, रघुबर मेहता, अनिल टुटू राम, करीमन राम, जितेंद्र प्रजापति, अनिल प्रजापति, अरुण मिश्रा, सुनील पासवान, फूलकली देवी, किरण देवी, दीपिका देवी, शारदा देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, मीणा देवी, कबिता देवी, रेशमा देवी, सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे ।

# रक्तदान जीवन बचाने का काम करती है : सिविल सर्जन

**62 लोगों ने रक्तदान किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के मुख्य सभागार में जन विकास ट्रस्ट व राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। काफी संख्या में छात्र-छात्राएं स्वेच्छा से रक्तदान किए। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में 62 रक्त लोगों ने रक्तदान किया। जन विकास ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार तिवारी ने बताया कि यह रक्तदान का कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा। संस्था का लक्ष्य है 1000 यूनिट से




ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। रक्तदान शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन में रक्तदान सबसे बड़ा दान है। मौके पर हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना के महेंद्र मरांडी, प्रो.भावेश कुमार, जन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर सनी सोरेन, आनंद मोहन चंद्र, संजीव नयन, आलोक कुमार, राजीव कुमार, अभय कुमार, रानी कुमारी,अनिशा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जन विकास ट्रस्ट के दीपक सोनी, पप्पू कुमार, मोहम्मद अयूब, अमीषा सिंह, पूजा कुमारी नमिता मिंस छोटू खान सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# आग से घर का सामान जलकर राख



**गढ़वा।** नगर परिषद के टंडवा हरिजन मोहल्ला वार्ड संख्या 20 में सुनैना देवी पति नरसिंह राम के घर में अचानक आग लगने से पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना बुधवार देर रात की है। सुनैना देवी और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। पड़ोसियों ने धुआं और आग देखकर उन्हें सूचना दी। घर पहुंचने पर देखा गया कि आग ने सारा सामान जलकर खाक हो गया था। सुनैना देवी ने बताया कि आग में दो बक्से, साड़ी, बच्चों के कपड़े, कंबल, चावल-दाल सहित करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। परिवार बेहद गरीब हैं। मजदूरी करके जीवन-यापन करता है। इस घटना के बाद परिवार के पास न खाने के लिए कुछ बचा है और न पहनने के लिए। सुनैना देवी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर आर्थिक सहायता की मांग की है।

# महिलाएं अपने आजीविका से जुड़कर सशक्त हो रही हैः अनीता केरकेट्टा

**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** रामगढ़ प्रखंड परिसर में पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा बिरसा विशिष्ट जनजाति विकास योजना के सौजन्य से विशिष्ट जनजाति समुदाय की सखी मंडल के दीदियों के बीच पोषण वाटिका किट का वितरण किया गया। कार्यकम का शुभारंभ जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने किया। उन्होंने सभी दीदियों को बताया कि जेएसएलपीएस के माध्यम से सरकार के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं अपने आजीविका से जुड़कर सशक्त हो रही है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट जनजाति समुदाय के परिवारों के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। आज उसी दिशा में सभी को पोषण वाटिका किट दिया जा रहा है। आगामी दिनों में




आजीविका की सुदृढ़ करने के लिए अन्य प्रयास भी किए जाएंगे, जिसमें विशिष्ट जनजाति समुदाय के लोगों को भी अपने सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करना होगा। उन्होंने समूह की नियमित बैठक करने, समूह के माध्यम से ऋण लेकर आजीविका करने के लिए सभी को प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि आज गांव की अधिकतर महिलाओं में पोषण की कमी रहती है, जिससे विभिन्न प्रकार के बीमारी का खतरा रहता है। विशिष्ट जनजाति समुदाय की महिलाओं में यह समस्या ज्यादा दिखाई देता है, जिसके लिए आज परियोजना के माध्यम से पोषण क्षमता बढ़ाने के लिए बीज वितरण किया जा रहा है। सभी इसकी खेती उपरांत नियमित सेवन करने पर भी प्रकाश डाले। बीपीएम सुमित कुमार ने बताया कि प्रखंड में लगभग 550 विशिष्ट जनजाति समुदाय के परिवारों के साथ पोषण वाटिका निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कड़ी में सांकेतिक रूप से 60 दीदियों को पोषण वाटिका का किट का वितरण किया गया है, जिसमें दस प्रकार के सब्जी के बीज, ग्रो बैग, वाटर केन, स्प्रेयर शामिल है। मौके पर जेएसएलपीएस से प्रखंड लीडर आदित्य रंजन प्रसाद ,एफटीसीसी सैनुअल अंसारी , सामुदायिक समन्वयक उमेश कुमार , अन्य कर्मी , सीएलएफ की कार्यकारी सदस्य बहलाने टोपनो , कांकनाबाला देवी , पीवीटीजी कार्यकर्ता और सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी।

# नहर निर्माण कर रही कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने बवाल काटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी/गढ़वा।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मांझीगावा गांव के महूडढ़ टोला में अर्णव प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे नहर निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया है। मझिगावां गांव में बुधवार को ग्रामीणों ने नहर निर्माण करा रही कंपनी का विरोध करते हुए कहा कि पिछले दो सालों से नहर का कार्य चल रहा है। इस उम्मीद के साथ की हम लोग का जो कनेक्टिविटी है, बिलकुल खत्म कर दिया गया है। एक पुलिया के कारण इस प्रोजेक्ट में दो या तीन पुलिया था। नहर डिपार्टमेंट द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि इसका समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद नहर विभाग के जो भी अधिकारी या प्राइवेट कर्मचारी थे, उनके द्वारा भी बोला गया था। इस उम्मीद के साथ ग्रामीणों द्वारा 50 परसेंट कार्य को पूरा करने दिया गया, लेकिन अब इस नहर से जान माल को खतरा हो चुकी है। आए दिन लोग नहर में गिर रहे हैं। आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। इस संबंध में एसडीओ को आवेदन दिया गया था। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा बोला जा रहा है कि ऊपर से आदेश आएगा। ग्रामीणों ने हम लोग अपनी जमीन में काम नहीं करने देंगे। ठेकेदार मनोज सिंह ने कहा कि पब्लिक द्वारा तीन जगह पर पुलिया का डिमांड किया गया था, जिसमें घर के सामने वाला तीनों पुलिया को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एसडीओ द्वारा बोला गया कि पाइप डालकर मिट्टी भर दें, जो कर दिया गया है। मौके पर बलराम चौबे, जवाहर प्रजापति, सुरेश प्रजापति, कमला देवी, सुभग प्रजापति, श्रवण राम, लालू यादव, शंभूनाथ शाह, नरेश पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# हथियार के बल पर युवक से बाइक व मोबाइल की लूट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादलकुर्मी मुख्य पथ पर बुधवार की देर रात बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने एक युवक का पीछा कर बंदूक की नोक पर उसकी बाइक और मोबाइल लूट ली। विरोध करने पर बदमाश मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। गुरुवार को इस मामले में लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित युवक विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बरिगावां गांव निवासी प्रिंस कुमार दुबे (30) बताया गया है, जो बाइक से जपला से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनका पीछा किया। डीहवार बाबा के पास उसे घेरकर हथियार दिखाया और उसके बाद मारपीट कर बाइक व मोबाइल छीन लिया है।

## पेपर लीक की घटनाएं राज्य के लिए चिंताजनक : प्रिंस सिंह

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने 10 वीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान का पेपर लीक होने की घटना की निष्पक्ष व विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिए चिंताजनक है। सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है।



## एक नजर

### अवैध पत्थर लदा हाइवा जब्त, थाना को सौंपा

**बालूमाथ।** अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ टॉस्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पत्थर लदा एक हाइवा को गरुवार देर रात जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए जिला खनन विभाग अधिकारी पद्मलोचन ओहद्दार ने बताया कि मूर्पा मोड़ शहीद चौक के समीप पत्थर लदा हाइवा को पकड़ा गया है। हाइवा में लोड पत्थर का कोई माइनिंग चलान नहीं था, जो पूरी तरह से अवैध है। इसे जब्त कर बालूमाथ थाना को सौंप दिया गया है। जब्त पत्थर बालूमाथ खलारी पथ पर सड़क निर्माण का कार्य कर रही कंपनी द्वारा ले जाया जा रहा था। माईनिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि गाड़ी में 600 सीएफटी पत्थर लदा है। इस पर फाइन किया गया है। इस कार्रवाई से अवैध पत्थर माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है।

## कार्यक्रम

### वर-वधू को आर्शीवाद देकर सुखमय जीवन की कामना की गई

# मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर में 10 कन्याओं की हुई सामूहिक विवाह



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार(गढ़वा)।** मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर में परिसर में गुरुवार को मंदिर विकास समिति व शतचंडी महायज्ञ कमेटी के तत्वावधान में 10 गरीब और अनाथ कन्याओं की सामूहिक शादी करायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ वर-वधू पक्ष के अतिथियों का स्वागत कर किया गया। साथ ही द्वारपूजा का रस्म पूरा करते हुए पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ कन्यादान मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह केतार मुखिया प्रमोद महाजन व उनकी धर्मपत्नी प्रियंका देवी, प्रमोद शुक्ला, उनकी धर्मपत्नी पूर्व प्रमुख शारदा देवी ने किया। शादी में उपस्थित हजारों लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शादी समारोह में दुल्हा-दुल्हन पक्ष के साथ आए अतिथियों के ठहरने,खाना खाना का उत्तम व्यवस्था किया गया था। शादी संपन्न होने पर सभी नव विवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप पलंग, गोदरेज, आलमारी, बर्तन सेट, पंखा, सोना-चांदी का गहना सहित अन्य उपहार देकर विदायी दी गई। सामूहिक शादी देखने के लिए लगभग पांच हजार लोग मौजूद थे। मौके पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी,हेमंत पाठक, राम विचार साहू, पंकज सिंह,सुरेश कुमार कन्हाई प्रसाद बिनोद भगत, कुंडल सिंह , त्रिपुरारी सिंह, राजकुमार पाठक, राम प्रसाद कमलापुरी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसपी ने मंदिर में टेका मत्था

**केतार** मां चतुभुर्जी मंदिर के प्रांगण में चल रहे शतचंडी महायज्ञ व सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आठवें दिन पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय अपनी माता के साथ चतुभुर्जी मंदिर में पहुंच कर दर्शन-पूजन कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। मंदिर कमेटी के द्वारा उन्हें चुनरी और मां चतुभुर्जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि मां चतुभुर्जी का दर्शन करने का व आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने पिछले आठ दिनों से चल रहे महायज्ञ व शादी समारोह में सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। एसपी ने मंदिर विकास समिति व यज्ञ कमेटी को मंदिर को विकसित करने और इस तरह का आयोजन करने को लेकर प्रशंसा की।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

### अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-15/2024-25/RE-01
P.R.No.342555

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर के पंचायत चियांकी के ग्राम चियांकी में P.J.T B.Ed कॉलेज गेट से आहर सड़क तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2148500.00 | 43000.00 | 5000.00 | 03 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.02.2025 से दिनांक 27.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR 346831 (Rural Development) 24-25 (D)


# ग्रामीणों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** फाइलेरिया से बचाव और जड़ से समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10-25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा। इस दिवस के अंतर्गत स्वास्थ्य सहिया व आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा गांव के हर गल्ली-मुहल्ला में घर-घर जा कर ग्रामीणों को इस बीमारी से बचाव का उपाय बताया जा रहा। साथ ही कोई भी ग्रामीण इस खुराक से वंचित नहीं रहे, इस संक्रमित बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इस संक्रमित बीमारी का वाहक क्यूलेक्स मच्छर है, जो संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद इस रोग के परजीवी कृमियों के संक्रमण को दूसरे व्यक्ति को काट कर फैलाता है। इस संक्रमित बीमारी का प्रभाव तुरंत नहीं दिखता। यह साल दो साल बाद दिखता है। इस बीमारी से बचाव के सिवाय कोई ईलाज नहीं है। इस बीमारी को हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। बीमारी में शरीर के अंग फूलने लगता है, जिससे मुख्यतः हाथ-पांव और अंडकोष प्रभावित होता है। स्वास्थ्य सहिया मीना देवी,आंगनवाड़ी सेविका तारा देवी ने ग्रामीणों को फाइलेरिया दवा ग्रामीण को खिलाया और इसके परिणाम और इससे बचाव के बारे में लोगों को समझाया।


## Office Nagar Parishad, Lohardaga

### Notice Inviting Short Tender

e-Tender Reference No. LNP/ 07/2024-25 Date- 19-11-2025

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of RCC drain and PCC road from Islamia urdu Middle School in Quriashi Muhall to Rashid Quraishi house, construction of PCC road and Repairing of PCC Road at ward No. 11 | 1,857,577.00 | 37,152.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of PCC road from house of Suman Bhagat to Gyandeep English medium school Kutmu Ward No. 05 | 1,394,021.00 | 27,880.00 | 5,900.00 | 60 Days |

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 24-02-2025 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-24-02-2025 Time 11:00 A.M To Date 10-03-2025 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 24-02-2025 Time 11:30 P.M To Date 10-03-2025 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 11-03-2025 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 346876 Lohardaga(24-25)D



## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)
Email: - nphussainabad@gmail.com

### आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे लाभुक जिनका पूरे भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं है एवं जो विभिन्न कारणों से योजना का लाभ लेने से वंछित रह गये हैं। वैसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर वे इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक हैं तो निम्न दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

पात्रता:–
1-लाभुक के परिवार में किसी भी सदस्य का पूरे भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं हो।
2-इस योजना के अन्तर्गत लाभुक के परिवार में पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
3-लाभार्थी EWS (Economically Weaker Section) वर्ग के होंगे जिनकी वार्षिक आय 3 लाख तक हो।
4-लाभार्थी को पूर्व में किसी भी अन्य आवास योजना का लाभ प्राप्त न हुआ हो।
5-लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवशयक होंगे।
1-मतदाता पहचान पत्रकी छायाप्रति (पति एवं पत्नी)
2-आधार कार्ड की छायाप्रति (पति एवं पत्नी)
3-बैंक पासबुक की छायाप्रति
4-आय प्रमाण पत्र
5-भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
6-लाभुक का मोबाईल आधार कार्ड से लिंक हो।
7-भु–स्वामित्व पत्र (भूमि संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेज)
8-घर के साथ पारिवारिक फोटो
9-विस्तृत जानकारी हेतु PMAY(U) 2.0 के वेबसाईट पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PMAY_SURVEY/EligiblityCheck.aspx एवं कार्यालय के PMAY(U) कोशांग से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 346870 (District)24-25*D

### डीसी ने जलछाजन मिशन के तहत वाटरशेड अवेयरनेस रथ को किया रवाना

# जिला के किसान खेती के मामले में आगे हैं, प्रोत्साहित करने की जरूरत : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जलछालन मिशन के तहत समाहरणालय परिसर से वाटर शेड अवेयरनेस रथ को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि झारखंड जलछाजन मिशन के तहत वाटरशेड अवेयरनेस रथ रवाना किया जा रह है। जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए बहुत ही अनोखी पहल है। इस पहल के लिए जिला पूरे राज्य में अग्रणी जिलों में से है। जिसके लिए नेशनल लेवल पर भी वाटर शेड प्लस के रूप में लातेहार का नाम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अग्रसारित है, जो बहुत ही सराहनीय पहल है। जिला के किसान खेती के मामले में अग्रणी है। जिनको हम लोगों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। आने वाले समय में इन्हें और भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

### सात गांव में जायेगी जागरूकता रथ

वाटरशेड अवेयरनेस रथ लातेहार जिले के 7 पंचायत-पांडेपुरा, डेमू, मोंगर, शीशी, भूसूर, पेशरार, जालिम खुर्द के क्षेत्र अंतर्गत गांवों का भ्रमण करेगी। वहां पर जनता के बीच जल, जंगल, जमीन के संरक्षण की विभिन्न विधियों का प्रचार प्रसार करेगी। जलछाजन का मुख्य उद्देश्य जल जंगल एवं मृदा का संरक्षण करना है। वाटरशेड पीएमकेएसवाई 2 योजना का क्रियान्वयन लातेहार में भूमि संरक्षण पदाधिकारी लातेहार द्वारा किया जा रहा है। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, अवर निबंधक लातेहार बिपिन साहु, लातेहार विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव सहित अन्य उपस्थित थें।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क सुरक्षा को पालन करने व अपराध नियंत्रण को लेकर बालूमाथ पुलिस द्वारा जगह-जगह पर निरंतर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को बसिया पुलिस पिकेट के पास ए एसआई संजय चौधरी ने दलबल के साथ देर संध्या तक बालूमाथ मैक्लुस्कीगंज मार्ग बसिया पिकेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों छोटे बड़े वाहनों की बारीकी से जांच की गई। वाहन जांच के दौरान दर्जनों दो चकिया वाहनों की भी जांच की गई। बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड परिवहन कर रहे चालकों को रोका गया और परिवहन विभाग द्वारा आर्थिक दंडित के लिए भेजा गया। एक मोटरसाइकिल में 18 वर्ष से भी कम उम्र के चालक जिसमें तीन लोग सवार थे जिसे रोकते हुए पिकेट प्रभारी ने गाड़ी का नंबर और चालक का नाम पता पूछते हुए अग्रसर कार्रवाई की और संबंधित विभाग को जानकारी दिया। मौके पर पिकेट प्रभारी संजय चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को देखते हुए लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर नियमित अभियान चलाई जा रही है, और आगे भी यह जारी रहेगा। मौके पर पिकेट प्रभारी संजय चौधरी के अलावा आईआरबी के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### कुएं में गिरा कोटरा, वनरक्षियों ने सुरक्षित निकाल कर जंगल में छोड़ा

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम हामी में वीरेंद्र कुजूर के सरकारी कुएं में गिरे एक कोटरा को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। उसे उपचार के बाद वनरक्षी कुणाल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। इस संबंध में वनरक्षी कुणाल कुमार ने बताया कि जंगल से भाग कर कोटरा ग्राम हामी निवासी वीरेंद्र कुजूर के खेत में बने कुएं में गिर गया था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू कर कोटरा को सुरक्षित बाहर निकाला। विभाग के वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। कोटरा पूरी तरह स्वस्थ है इसे सुरक्षित वनों में छोड़ा जा रहा है। रेस्क्यू टीम में वनरक्षी राजेश उरांव, मेढ़ारी ट्रैक्टर विजय बड़ाइक, संजीव पांडेय समेत ग्रामीण शामिल थे।

### अधिकतम बोली लगाकर मनोज यादव ने पशु मेला किया हासिल

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा शिवरात्रि पूजा के अवसर पर लगने वाले पशु मेला डाक का आयोजन किया गया। मनोज यादव ने सबसे उच्चतम बोली लगाकर डाक अपने नाम किया। इस मेला में विभिन्न प्रकार के पशुओं की खरीद-बिक्री की जाती है। उनमें गाय, भैंस, बकरी, और अन्य पशु शामिल हैं। इसके अलावा, मेला में विभिन्न प्रकार के सामानों की भी बिक्री की जाती है। इसके अलावा खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य घरेलू सामानों की बिक्री होती है। मनोज यादव ने बताया कि यह मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें वह अपने पशुओं को बेचने और खरीदने के साथ अन्य सामानों की भी खरीदारी कर सकते हैं। शिवरात्रि पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने प्रखंड क्षेत्र के अलावा झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र से भी लोग यहां पहुंचते हैं।

### योजनाओं को तय समय के अंदर पूर्ण करें : डीसी

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के विभिन्न विभागों के अंतर्गत डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक व वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित निर्देश दिया गया। बैठक में डीएमएफटी से किये जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के सुसज्जीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, सड़क, निर्माण समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसी को लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता (एलडब्ल्यूइ) मद अंतर्गत संचालित योजनाओ की प्रगति एवं भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिला स्तरीय समिति की बैठक में स्वीकृत योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति सहित डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी कार्यकारी एजेंसियों को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, सिविल सर्जन अवधेश सिंह, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी एससीए श्रेयांस,संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

# राजस्व शिविर में 29 आवेदन आए



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** उपायुक्त के निर्देश पर ऑनलाईन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमा बंदियों में व्याप्त त्रुटि के निराकरण,दाखिल खारीज, उत्तराधिकार बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण तथा विभिन्न राजस्व कार्यों यथा भू-मापी,ऑनलाईन लगान रसीद से संबंधित शिकायतों के निष्पादन के लिए चंदवा अंचल में गुरुवार को 29 आवेदन प्राप्त हुए। उसमें कुल 27 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बताया कि 18 से 4 मार्च तक तीन कार्य दिवस मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि ग्रामीण उक्त शिविर का लाभ उठाएं।

# शरारती तत्वों ने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा को किया खंडित, कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा को अज्ञात शरारती तत्वों ने खंडित कर उनमें लगे धनुष को चुरा लिया गया है। इसको लेकर बालूमाथ स्मारक के जिला अध्यक्ष कामेश्वर भोक्ता, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष विष्णु गंझू, उपाध्यक्ष भुवनेश्वर गंझू,कोषाध्यक्ष सह जेनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझू, परंवक्ता परमेश्वर गंझू, संयोजक राजेन्द्र गंझू, संरक्षक फुलचंद गंझू, सचिव परमेश्वर गंझू, समिति सदस्य नारायण भोक्ता, जयप्रकाश भोक्ता, मंगर गंझू और चमन गंझू ने निंदा की है।

मौके पर प्रदीप गंझू ने कहा कि शहीद नीलांबर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त होने के पीछे कारण चाहे



शरारती तत्व हों या फिर कोई और इसकी पूरी निष्पक्ष जांच प्रशासन करें। साथ दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और खंडित प्रतिमा को दुरुस्त करने की मांग प्रखंड पुलिस प्रशासन से की गई है।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे मार्ग पर सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए हैं। घायल की पहचान बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज थाना अंतर्गत नवादा ग्राम निवासी मोहम्मद मुख्तार अंसारी (40 वर्ष) व उनकी पत्नी मैमून बीबी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पति पत्नी नवादा से दोपहर अपने ससुराल रहमकमता जा रहे थे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पति-पत्नी घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां चिकित्सा कर्मी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को खतरे से बाहर बताया है।

### भुइयां समाज कल्याण समिति ने हर्षोल्लास मनायी शबरी पूजा

# समाज की तरक्की में योगदान देने की जरूरत : संजय भारती

**नवनी मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति ने कुंदा यज्ञ मैदान में शबरी पूजा का आयोजन किया, जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष उमेश भारती मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उमेश भारती ने मां शबरी की जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज के लोगों को उनके आदर्शों का अनुसरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मां शबरी ने अपने जीवन में सादगी, त्याग और भक्ति का उदाहरण प्रस्तुत किया था। योगियारा मुखिया आशीष भारती ने कार्यक्रम के दौरान संगीत के माध्यम से समाज के लोगों ने



अंधविश्वास व नशा से दूर रहने और अपने बच्चों को शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के उथान का मूल मंत्र है। कुंदा मुखिया मनोज साहू ने समाज के लोगों को शिक्षा के महत्व को विस्तार पूर्वक बातया। उन्होंने कहा कि आपके बच्चे भी मेहनत के बल पर अच्छे मुकाम पर जा सकते हैं। उन्होंने ने समाज के लोगों को शराब से दूर रहने की नसीहत दी। प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती ने समाज के लोगों को एक दूसरे के साथ मिलकर समाज की तरक्की में योगदान देने की बात कही है। कार्यक्रम के अवसर पर जिला महासचिव जयराम भारती, जिला उपाध्यक्ष दिनेश भारती, प्रवक्ता बिगन भारती, नरेश भारती, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कुंदा मुखिया मनोज साहू, बोधाडीह मुखिया अनिता देवी,अजय भारती, अजीत भारती, नेहा देवी, इंद्रदेव भारती, रविंद्र भारती समेत भुइयां समाज के हजारों लोग उपस्थित थे।

# आवास सर्वे के नाम पर बिचौलियों को नहीं दें पैसे : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ चंदन कुमार ने पीएम व अबुआ आवास सर्वे को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हर गरीब परिवार के पक्के मकान देने को लेकर सर्वे का काम करवा रही है, जिसमें 10,231 लोगों को पक्का मकान देने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। जिसमें अब तक 3 हजार लोगों का सर्वे पूरा हो चुका है। प्रखंड के सभी पंचायतों में एक सर्वेयर को जिम्मेवारी सौपी गई है। बता दें कि सर्वे के नाम पर बिचौलिया गांव में लाभुकों को आवास योजना दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे की भी मांग कर रहे हैं। बीडीओ ने बताया कि सूची में नाम चढ़ाने को लेकर बिचौलिए द्वारा पैसे लेने कि शिकायत मिल रही है। इस संबंध में उन्होंने कहा



कि ने आवास योजना की सूची में नाम जुड़वाने के लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है। इस एवज में कर्मी कोई पैसे कि डिमांड करते हैं तो सूचित करें उन पर सख्त कार्रवाई कि जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि लाभुक ऐप के माध्यम से भी खुद अपना जिओ टैग कर सर्वे कर सकते हैं। पीएम आवास के लिए बेनीफिशरी लेवल जिओ टैग और अबुआ आवास हेतु आवास प्लस 2024 नामक ऐप के माध्यम से लोग अपना सर्वे खुद कर सकते हैं।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(नोटिस)

नाम–(1) संध्या कुमारी, (2) अशोक यादव दोनों पिता–स्व0 जोखु यादव, सा0–छपरदगा, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–22/24 दिनांक–10.03.2024 धारा–323, 341, 307, 452, 504, 506, 34, भा0द0वि0 एवं 3(1)(r)(s) SC/ST ACT के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप दोनों उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार ए0एस0जे0–1 गढ़वा के द्वारा आप दोनों के विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–14.02.2025 को आप दोनों के स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार ए0एस0जे0–1 गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 346858 Police Wireless Headquarter (24-25)D


# सच्चाई के रास्ते में चलने की सीख देता है कुरान : हकीम नदवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में बुधवार की देर शाम जलसा-ए-इसलाह ए मुआशरा व सालाना तालीमी मुजाहिरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मदरसा के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना अबुबकर ने किया। जलसा की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल हकीम नदवी ने कहा कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। कुरान शरीफ हमें सच्चाई की राह पर चलने की सीख देता है। आज हमें अपने किरदार को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। हमारा किरदार ही हमारे व्यक्तित्व का आईना होता है। कार्यक्रम को मुफ्ती अनवर कासमी,मौलाना इकरामुल हक एनी, मौलाना नसीम अनवर नदवी, मौलाना आजम नदवी,मौलाना आसिफ इकबाल नदवी,मौलाना जियाउर्रहमान नदवी आदि ने भी संबोधित किया।


समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)
Email - dprogarhwa84@gmail.com
आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची का पत्रांक – 144/राँची,दिनांक– 11.02.2025. के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के निमित मतदाता सूची की तैयारी/विखण्डन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

| क्र0 | मतदाता सूची की तैयारी का कार्यक्रम | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1 | प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखंडीकरण | 15.02.2025 से 07.03.2025 तक |
| 2 | मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | 10.03.2025 को |
| 3 | दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना | 11.03.2025 से 20.03.2025 तक |
| 4 | दावा एवं आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 22.03.2025 |

आम सूचना के क्रम में मतदाता सूची की तैयारी/विखण्डन के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात मतदाता सूची के संबंध में किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु निम्नांकित कॉलम 3 पर अंकित पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाता है।

| क्र0 | नगरपालिका का नाम | दावा/आपत्ति हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | गढ़वा नगरपरिषद् (वर्ग–ख) | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– अंचल अधिकारी, गढ़वा। |
| 2 | मझिऑव नगरपंचायत | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगरउँटारी। |
| 3 | श्री बंशीधर नगर नगरपंचायत | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– अंचल अधिकारी, मझिआँव। |

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक – 10.03.2025 को प्रकाशित होने वाले प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार विखण्डित मतदाता सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक – 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 346888 Panchayati Raj(24-25)D



कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06/2024–25

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 10.03.2025 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 11.03.2025 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.03.2025 के अपराह्न 3.30 बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of PCC road from Deepak Minz house to Jay Mangal Oraon house Sobrantoli in Ward no 23 | 948,402.00 | 18,968.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 2. | Construction of PCC road from Ramchandra Oraon house to Pradip Oraon house Bakshidipa in Ward no 21. | 948,402.00 | 18,968.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 3. | Construction of PCC road from Sushila Oraon house to Santosh Oraon house Bakshidipa in Ward no 21. | 966,332.00 | 19,327.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 4. | Construction of PCC road from Kunti Sahu house to J.P. Pandey house, Kutmu Chiglatoli ,Ward No.07 | 513,587.00 | 10,272.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 5. | Construction and Repairing of PCC road from 1 Irfan Khalifa house to Balku Khan house Repairing and cnostruction of 1 nos culvert Size at Ward No-02 2 Construction of New PCC Road From Firoz Ansari Shop to Khurshid Ansari Plot 3 Repairing of PCC road from Bitan Quraishi house to Mukhtar Quraishi House in Quraishi Muhalla at Ward No - 01 | 950,739.00 | 19,015.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 6. | Construction of PCC road from Jitram Oraon house to Suleman Kerketa house Bakshidipa in Ward no 22 | 984,262.00 | 19,685.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 7. | Construction of PCC road from 1 Jamshed Khan house to Jami Maliak Plot PCC Road. At Ward No -02 2 Sarwar Ansari house to Samsuel Ansari house Ward No -01 | 941,230.00 | 18,825.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 8. | Construction of PCC road from Dhanraj Mahto house to P.K. Bhagat house Ward No.04 | 733,696.00 | 14,674.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 9. | Construction of P.C.C. road from Shailesh kumar house to Virenndra Pathak house, Mangaldev Colony Ward no -04 | 836,413.00 | 16,728.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 10 | Construction of PCC Road from Bheem Sahu cow Shed to Prameet kumar House in ward No. 15 | 320,859.00 | 6,417.00 | 1000.00 + 18% GST | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 346873 Lohardaga(24-25)#D

### कुडू में एनसीबी की बड़ी कारवाई

# प्लाईवुड लदे ट्रक में छिपाकर ले जाया जा रहा 75 लाख रुपए का गांजा किया जब्त

**उड़ीसा से बिहार तस्करी किया जा रहा था ढाई क्विंटल गांजा, चालक, उपचालक सहित पांच तस्कर गिरफ्तार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143ए स्थित कुडू मस्जिद मोड़ के नजदीक बुधवार देर रात एनसीबी की टीम ने एक प्लाईवुड लदे ट्रक से लगभग ढाई क्विंटल गांजा पकड़ा है। जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 75 लाख का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में लोडकर भारी मात्रा में गांजा तस्करी किये जाने की गुप्त सूचना पर एनसीबी की आसूचना अधिकारी एम मीणा, कुमार मनोहर मंजुल के साथ सेंट्रल के स्पेशल टिम ने बुधवार देर रात कुडू पुलिस के सहयोग से कुडू मस्जिद मोड़ के पास वाहनों की जांच शुरू की। रात लगभग 11 बजे लोहरदगा की ओर से जैसे ही प्लाईवुड लोड ट्रक नंबर ओडी 14जेड 3324 पहुंची टिम ने घेर लिया जांच होते देख ट्रक का चालक और खलासी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टिम ने दोनों को दबोच लिया। और ट्रक की जांच करने पर प्लाईवुड के बीच में 18 बोरा छुपा कर रखा हुआ गांजा बरामद किया। मशीन से जांच कर पुष्टि के बाद ट्रक को कुडू थाना में लगाया गया। एनसीबी की गिरफत में आये चालक बिहार के औरंगाबाद निवासी रामाधार यादव के पुत्र अर्जुन कुमार और भोजपुर निवासी गोविंद महतो के पुत्र रमेश महतो से पूछताछ में मिली जानकारी के बाद। तस्करी में शामिल मुख्य आरोपी खरीदार और बिक्रीकर्ता की गिरफ्तारी के लिए टिम ने छापेमारी कर रही थी इसी बीच सनी कुमार बक्सर, उमेश यादव आरा, और महेश शाह बक्सर को गिरफ्तार किया गया है। इनके द्वारा बताया कि उड़ीसा के बलांगीर से प्लाईवुड के बीच गांजा छुपा कर बिहार के पटना भेजा जा रहा था। फिलहाल अधिकारी इनसे और भी जानकारी कलेक्ट कर रहे हैं।



**कुडू में 2019 से अबतक बरामद गांजे की सूची**

31 मार्च 2019 को ट्रक में एक गुप्त केबिन बनाकर बिहार के भोजपुर गांजा ले जा रहे ट्रक से कुडू पुलिस ने 765 किलो गांजा बरामद किया था। 8 सितंबर 2020 को एनसीबी की टीम ने 550 किलो गांजा बरामद किया था साथ ही एस्कॉर्ट कर रहे एक स्कॉर्पियो में सवार तस्करों को भी दबोचने में सफल हुई थी। कुडू पुलिस ने बीते वर्ष 24 अप्रैल को बाजार टांड़ से गांजा की डिलवरी करने पहुंचे एक तस्कर रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी गोपाल प्रसाद साहू के पास से गांजा बरामद किया था विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान कुडू बस स्टैंड के समीप बने चेकपोस्ट पर मोना नामक एक यात्री बस से 20 किलो गांजा बरामद किया था। इसके अलावा भी कई छोटी बड़ी खेप कुडू में पकड़ी गई है।

**मादक पदार्थों का ट्रांसपोटिंग हब बन गया है कुडू**

मिली जानकारी के अनुसार ओड़िशा, छत्तीसगढ़ से बिहार और यूपी में गांजा पहुंचाने के लिए कुडू मार्ग का इस्तेमाल होता रहा है। मादक पदार्थों के इंटरस्टेट तस्कर यहां से होकर दूसरे राज्यों तक गांजा पहुंचा रहे हैं। सूत्रों की माने तो नशे के सौदागरों के तार झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल सहित हरियाणा से जुड़े हुए हैं। इन राज्यों में झारखंड के रास्ते गांजा की सप्लाई हो रही है। कुल मिलाकर कुडू गांजा तस्करों का ट्रांसपोटिंग हब बनता जा रहा है, इसका सबुत है कि स्थानीय पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने सितंबर 2019 से अबतक करोड़ों रुपये कीमत के गांजा, नकली दारू, अफीम डोडा जैसे कई मादक पदार्थो की बड़ी खेप बरामद कर चुकी है।


# अधिवक्ता विवेक को देहरादून की इकफाई लॉ यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अधिवक्ता विवेक कुमार, विधि सलाहकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय लोहरदगा को देहरादून की इकफाई लॉ यूनिवर्सिटी ने सम्मानित किया। इकफाई लॉ स्कूल देहरादून में दो दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सी. टी. रविकुमार एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप शाही पूर्व न्यायाधीश मद्रास व पटना उच्च न्यायालय उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में अधिवक्ता विवेक कुमार बतौर निर्णायक सह अतिथि आमंत्रित किए गए थे। यह प्रतियोगिता अधिवक्ता विवेक कुमार के बनाए मूट कोर्ट प्रॉब्लम पर आधारित थी जिसमें देश भर से कुल 24 विधि विश्वविद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एन.एल.यू. नागपुर महाराष्ट्र की टीम विजेता बनी जबकि पंजाब यूनिवर्सिटी की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया।




## कुडू में बारिश से बदला मौसम, कनकनी ठंड बढ़ने से फिर निकले गर्म कपड़े



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू में गुरुवार तड़के चार बजे हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदलकर रख दिया। दो दिनों से आकाश में डेरा डाले बादल गुरुवार को जमकर बरसे, पहले हल्की फिर बाद में हुई झमाझम बारिश शुरू हुई और सुबह तक रुक रुक कर बारिश और बूंदाबांदी होती रही। जिससे मौसम का मिजाज बदल गया। ज्यादातर गर्म कपड़ों को बंद कर चुके लोगों को फिर से धारण करना पड़ा। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिलहाल कुछ दिन मौसम शुष्क बना रहेगा।

## आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत निबंध और भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री विद्यालय सिमडेगा की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि छात्रा हादिया काजमी ने राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को झालसा कार्यालय स्थित न्याय सदन रांची में आयोजित कार्यक्रम में काजमी को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के हाथों छात्रा को पुरस्कृत किया जाएगा।

# हिंडाल्को सीएसआर के कार्पोरेट हेड ने सेरेंगदाग में सीएसआर कार्यक्रमों की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा संचालित सेरेंगदाग बॉक्साइट खनन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सीएसआर कार्यक्रमों का अवलोकन कार्पोरेट सीएसआर प्रमुख अभिजीत कुमार की अगुवाई में सम्पन्न हुई। टीम में उनके अलावे क्लस्टर सीएसआर प्रमुख श्वेता उपाध्याय, खान प्रभाग सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार व खान प्रबंधक अखिलेश सिन्हा मुख्य रूप से शामिल रहे। आज सीएसआर प्रमुख (कॉर्पोरेट) अभिजीत कुमार की अगवाई में केचकी व नींदी ग्राम स्थित गुरुत्वाकर्षण बल आधारित ऊर्ध्व सिंचाई योजना का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से इस प्रोजेक्ट मिल रहे लाभ, सिंचाई की सुविधा प्रदान करने आदि की जानकारी मिली। महिला समूहों के बीच दरी व निंदी ग्राम के स्कूली बच्चों के बीच डेस्किट बैग का वितरण किया। फलदार पौधे का किया पौधरोपण।



**इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर एचआर मनोज कुमार, सीएसआर विभाग के राम अवतार पासवान, अभय भारती, सतेंद्र तिवारी, नवनीत जायसवाल, ग्रामीण वकील उरांव, योगेंद्र उरांव, करमा खेरवार, महिला समूह के शांति देवी, लीलावती देवी, अनीता उरांव, शोभा खेरवार, गोपी खेरवार, बिगन खेरवार समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पीडीजे ने की इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ बैठक

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है ' जिसे लेकर 20 फरवरी को इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजकमल मिश्रा ने बैठक की। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार भी उपस्थित रहें। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने क्लेमेंट की अधिवक्ता के साथ-साथ इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में पुराने लंबित बीमा के वादों को अधिक से अधिक निपटाने का प्रयास करने की निर्देश दिया। साथ ही साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन वादों में सुलह हो गया है उसका लाभ पीड़ित पक्ष को देना सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर अधिवक्ता डा प्रमोद कुमार पुजारी, राकेश अखौरी, कुमार चंद्रशेखर, प्रमोद प्रसाद, आनन्द कुमार, जेपीएन सिन्हा उपस्थित थे।

## आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर हुई आदिवासी समन्वय समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव की अध्यक्षता में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र भवन कुटमू लोहरदगा में बैठक संपन्न हुआ । अरविंद उराँव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखण्ड में माननीय हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद पेशा कानून लागू नहीं कर रहा है उल्टे पेशा के नाम पर तमाशा खड़ा कर रहा है । कई गुट आदिवासी समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इसकी खुली छूट हेमन्त सोरेन ने दे रखा है । युवा नेता विश्वनाथ भगत ने कहा कि टी0ए0सी (जनजातीय परामर्शदात्री परिषद) संवैधानिक संस्था है जिसे हेमन्त सोरेन सरकार अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रत्यक्ष हस्तक्षेप कर टी0ए0सी के मूल रूप को खत्म कर रहे हैं यह अनुचित है । महिला नेत्री अंजू देवी ने कहा कि आदिवासी महिला को गैर आदिवासी लोगों द्वारा षडयंत्र के तहत फँसाया जाता है, और आदिवासी जमीन को लूटना, आदिवासी महिला का दोहन करना ही मकसद रहता है , यह मामला झारखण्ड में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । इस मामले पर हेमन्त सोरेन को विधि संवत तत्काल कारवाई करना चाहिए । लक्ष्मी नारायण भगत जिला राजी पड़हा वेल ने कहा कि हेमन्त सोरेन झारखण्ड के आदिवासियों के जमीन लूट को बढ़ावा दे रहें हैं । सादा पट्टा पर आदिवासी जमीन हड़पी जा रही है । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मानसिकता आदिवासियों को बर्बाद करने का । बैठक में सामूहिक निर्णय लिया गया कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार एवं आदिवासियों के जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए प्रखण्डवार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और उपायुक्त लोहरदगा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल झारखण्ड को ज्ञापन सौंपा जाएगा । प्रखण्ड एवं जिला कार्यक्रम इस प्रकार है---- 1. भण्डरा- 25 फरवरी, 2. लोहरदगा- 28 फरवरी, 3. किसको- 4 मार्च, 4. पेशरार- 8 मार्च, 5. कैरो- 12 मार्च, 6. कुडू- 20 मार्च, 7. सेन्हा- 24 मार्च 2025 को तथा समाहरणालय मैदान लोहरदगा में 28 मार्च 2025 को धरना-प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

## फलेश्वरी बनी जोगना मोड़ आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अंतर्गत जोगना मोड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को बाल विकास विभाग के निर्देश पर सुचारू ढंग से संचालित करने के लिये सहायिका का चयन किया गया.मुखिया राजश्री उरांव की अध्यक्षता में बैठक ओजोत कर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निर्देशानुसार मिनी आंगनबाड़ी केंद्र जोगना मोड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिये सहायिका का छन किया गया।जिसमे फलेश्वरी कुमारी,जया कुमारी, कमला कुमारी और सोनी कुमारी द्वारा सहायिका पद का उम्मीदवार के लिये आवेदन दिया गया।जिसमे नियमानुसार शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सहायिका पद में फलेश्वरी कुमारी का चयन किया गया।वही बाल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय ने बताया कि विभाग के निर्देश पर मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित करने के लिये सेविका रहती थी।परंतु विभाग का पुनः आदेश मिलने पर सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका का सहयोग के लिये सहायिका का चयन किया जा रहा है।जिस निमित जोगना मोड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को संचालित करने के लिये सहायिका पद में शैक्षणिक आधार पर फलेश्वरी कुमारी का चयन किया गया।साथ ही चयनित सहायिका को केंद्र में सीघ्र योगदान देने का निर्देश दिया गया है।मौके पर पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव,शिक्षिका शारदा देवी,सेविका रेणु देवी के अलावे ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# शांतिकुंज से आये ज्योति कलश रथ का स्वागत कर लोगों ने किया पूजा अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा ।** जन जन तक गायत्री मंत्र पहुचाने एवम गायत्री माता के प्रति लोगो में श्रद्धा जगाने को लेकर हरिद्वार शांतिकुंज से गायत्री परिवार का निकला ज्योति कलश रथ गुरुवार को सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कन्डरा पहुचा। जहां लोहरदगा गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी गोविंद साहू एवं परिजनों द्वारा रथ का भव्य स्वागत करते हुए पूजन कर आरती उतारी गई। उसके उपरांत ज्योति कलश रथ बूटी, झखरा,अलौदी,हेसवे,बाजार डाडु,चौकनी,अरु,जोगना, सेन्हा बरवाटोली,बान्धटोली तथा महतो मुहल्ला समेत विभिन्न गांवों में ले जाया गया। जहाँ ग्रामीण शहेतर के भक्तजनों द्वारा गायत्री माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। वही संध्या में नवनिर्मित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में महा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य ट्रस्टी प्रोफेसर गोविंद साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र हम सबो को सद्बुद्धि देनेवाला मंत्र है। आज लोगो के पास धन सम्पति व बुद्धि तो बहुत है पर सद्बुद्धि नही है। इसलिये खास कर युवा वर्ग राह भटक रहें है। जिस कारण घरेलू हिंसा,हत्या,पापाचार,भ्ष्टाचार, नशापान सहित अनेकों बुराइयां बढ़ रही है। जिसे युवाओं को सद्बुद्धि की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें गायत्री माता के शरण मे जाना होगा। अपने बच्चों को विवेकानंद, शिवाजी, भगत सिंह, जैसे महान व सामाजिक,धार्मिक बनाना चाहते हैं। तो उनमें छोटे उम्र से ही अच्छा संस्कार डालना होगा.जिस के लिये आध्यत्म की शिक्षा देनी होगी.साथ ही उन्होंने बतलाया कि परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति पंडित श्री राम शर्मा जी ने अपने जीवन काल मे 32 सौ पुस्तकें लिखी जिसमे मनुष्य की सारी समस्याओं का समाधान है. उन्होंने बतलाया कि 2026 का वर्ष गायत्री परिवार के साथ पूरे विश्व के लिए विशेष महत्व का वर्ष होगा. जिसमे के बड़े कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा जिसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है.यह वर्ष अखंड ज्योत के साथ गुरु माता भगवती देवी के जन्म का एवं गुरु जी के तप का शताब्दी वर्ष है.मौके पर प्रकाश महतो, विजय सोनी, अजय साहू, ईश्वर महतो सतीश साहू, विकेश कुमार, बसंती देवी, उमा देवी समेत सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष भक्तजन लोग उपस्थित थे।




## बिजली चोरी मामले में ग्यारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

च प्रखंड क्षेत्र में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दैरान बिजली ऊर्जा चोरी करने के मामले में कारवाई किया है। वही बिजली ऊर्जा चोरी के मम्मले में विद्युत सहायक अभियंता अजु कच्छप ने थाना में आवेदन देकर ग्यारह नामदज लोगों पर बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बिजली ऊर्जा चोरी कर उपयोग करने वालों में सेन्हा चौक निवासी रजनीश कुमार सिंह,अरु निवासी राजकुमार, काल्हेपाट निवासी नसरुद्दीन अंसारी,अब्दुल मोतलिब अंसारी, दिलीप उरांव,कंडरा निवासी दीपक कुमार साहू, कुंदगड़ी निवासी मनेश्वर उरांव,अभिनाश कुमार, सागर उरांव,सुकरा उरांव,तथा जोगना गांव निवासी पूनम देवी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वही इन सभी पर आरोप है.कि बिजली तार में टोका लगा कर बिजली ऊर्जा चोरी कर रहे थे।

थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने

# मैट्रिक में 771 छात्र छात्राओं ने दी विज्ञान की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बृहस्पतिवार को विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ.मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छात्राओ में से 416 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में 355 विद्यार्थियों ने विज्ञान का परीक्षा दिया।वही 777 परीक्षार्थियों में से 771 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए।बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित बृहस्पतिवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ।साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 777 में से 771 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो विज्ञान का परीक्षा दिया। 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी,रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।



## क्षेत्रीय व जनकल्याण योजना संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा।** क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याण कारी योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा करते हुए पंचायत कर्मियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याण योजनाओं संबंधित प्रखंड परिसर स्थित महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान संचालित क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याणकारी योजना का पंचायत वार जायजा लिया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने तकनीकी सहायक,पंचायत सचिव,कार्यपालक सहायक,आईटी असिस्टेंट सहित पंचायत कर्मियों के साथ बैठक किया और बारी बारी से पंचायत योजना का बारीकी से समीक्षा किया। आवश्यक दिशा निर्देश योजना ससमय पूर्ण करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। 15 वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति की क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष के अंदर सभी अवशेष राशि का व्यय करने एवं अधूरे योजनाओं को पूर्ण करने का भी आदेश दिया गया।

## प्रखंड में प्रशासन के नाक के नीचे खुलेआम बन रहा है फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड में डुप्लीकेट जन्म प्रमाण पत्र बनाने का धंधा जोरो पर है। कुछ कम्प्यूटर दुकानदार ग्रामीणों से 1000, 800 रुपया लेकर डुप्लीकेट जन्म प्रमाण पत्र बना कर अवैध कमाई कर रहे है। वहीं डुप्लीकेट सर्टिफिकेट बनाकर विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। कुछ दिन पहले टुकुपानी पंचायत में भी डुप्लिकेट जन्मप्रमाण पत्र मिलने पर पंचायत सचिव अरुणिमा कुजूर ने बीडीओ नूतन मिंज को जानकारी दी थी। वहीं कल ठेठईटांगर में डुप्लीकेट जन्मप्रमाण पत्र मिलने से प्रशासन भी बैचैन है। कल खरवागड़ा माँझीटोली में दो जन्मप्रमाण पत्र डुप्लीकेट पाया गया। ग्रामीणों के हवाले से पता चला है कि कई दर्जन प्रमाण पत्र 1000 रुपया देकर ग्रामीणों ने बनाया है। जिसमे सदर अस्पताल सिमडेगा और ग्राम पंचायत ठेठईटांगर के लोगो ('ड्ड्ड') से डुप्लीकेट प्रमाण पत्र बनाया गया है।

# परेशानी : विद्युत पावर सबस्टेशन जाने के लिए पर्याप्त पक्का रास्ता नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो उदरंगी सीमान में करीब एक दशक पूर्व पावर सबस्टेशन बनाया गया था। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर तरीके से बिजली आपूर्ति हो सके इसके लिए पावर सबस्टेशन लगाया गया था परंतु पावर सबस्टेशन जाने के लिए पर्याप्त पक्का रास्ता नहीं है। जिससे पिछले एक दशक से विद्युत कर्मी व उदरंगी के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आज तक पक्की रास्ते का निराकरण नहीं हो सका है। पावर सबस्टेशन के पास पर्याप्त जगह है। पर उचित रास्ते नहीं होने से काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है. मुख्य सड़क से पावर सबस्टेशन की दूरी करीब एक किलोमीटर है। वर्षा होने पर रास्ता में जगह जगह कीचड भर जाता है तब विद्युत कर्मियों को आने जाने मे काफी जोखम उठानी होती है। या कर्मी कसपुर नवाटोली के रास्ता तीन किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता तय कर पावर सबस्टेशन पहुंचते हैं। भंडरा मुख्य पथ से उदरंगी तक पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से विद्युत कर्मी के साथ उदरंगी, जामुनटोली, बैमारी गांव के सैकड़ो ग्रामीणों को प्रति दिन काफी सहूलियत होंगी. विद्युत कर्मी प्रकाश प्रजापति ने बताया कि सड़क नहीं होने से कई बार विद्युत कर्मी व ग्रामीण गिरकर घायल हुए हैं। बरसात के दिनों मे बारिश होने पर पावर सबस्टेशन पहुंचना मुश्किल हो जाता है। विद्युत कर्मी बिन्दु यादव ने बताया कि रास्ता नहीं होने के कारण विद्युत कर्मी के साथ आम ग्रामीण को परेशानी होती है। बताया कि प्रतिदिन इस मार्ग से विद्युत कर्मी के साथ साथ उदरंगी व जामुनटोली के सौ से डेढ़ सौ ग्रामीण आते जाते हैं।



## कांग्रेसियों ने नव नियुक्त थाना प्रभारी से की मुलाकात



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी से कांग्रेसियों ने परिसर में मुलाकात किया.वही थाना प्रभारी से मुलाकात युवा कांग्रेस के बिशुनपुर विधान सभा अध्यक्ष इमारन आजाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी वारिश हुसैन से मुलाकात कर शॉल देकर माला पहनाया गया. वही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मिल कर पुलिस पब्लिक समावेश के साथ मिल कर नवनियुक्त थाना प्रभारी से काम करने का अपील किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। साथ ही कहा कि जनता निर्भीक हो कर थाना आये सभी लोगों का समस्याओं को नियम संगत निष्पादित किया जायेगा। सभी का सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना पहली प्राथमिकता है। मुलाकात करने वाले में मुख्य रूप पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव ,जवाहर बाल मंच जिला कोडीनेटर इम्तियाज अहमद,बबलू अंसारी,हफीज अंसारी,राजू बाखला, इकबाल अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## कोलेबिरा में मजार जीर्णोद्धार कार्य का विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने किया शिलान्यास

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में पर्यटन मद से अनजान शाह पीर बाबा के मजार मरम्मती कार्य का शिलान्यास कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया।मालूम हो कि मजार का दीवार काफी जर्जर हो गई थी, जिसकी मरम्मती को लेकर मजार प्रबंध समिति के द्वारा प्रशासन से उक्त मजार की मरम्मती करने की मांग पर्यटन विभाग से किया गया था।जर्जर अवस्था को ध्यान में रखते हुए मजार मरम्मती की मांग को पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के द्वारा किया गया।मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त हर समस्या का समाधान करना और जनता के हर मांगों को पूरा करना मेरा दायित्व है।उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और भरोसा से जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में पुनः जीत कर विधायक बनाया है, उसे पूरा करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। क्षेत्र का विकास हो और ग्रामीणों की समस्या दूर हो इसके लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।क्षेत्र की जनता के अनुरूप लगातार विकास के कार्य किए जाएंगे।

# भरनो प्रखंड में ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान, ठंड ने फिर बढ़ाई दस्तक





**गुमला।** भरनो प्रखंड के करंज क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि से इलाके में भारी तबाही मच गई। इस अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन से किसानों की आम और सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गईं, जिससे वे गहरे संकट में आ गए हैं। दोपहर 3 बजे के बाद घने काले बादल छा गए, और देखते ही देखते तेज आंधी और गरज-तड़प के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई। इस दौरान करंज गांव की महिला ससीलिया सोरेंग का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया, जब आंधी में छत पर लगा एस्बेस्टस उड़कर टूट गया। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि सब्जियों की खेती पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। ओलावृष्टि से आम के बौर झड़ गए, जिससे आगामी सीजन में आम की पैदावार भी प्रभावित हो सकती है। किसान गोवर्धन गोप ने बताया कि ओलावृष्टि से खेतों में लगी तरकारी, मिर्च, टमाटर और अन्य फसलें बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस बेमौसम बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड फिर से लौट आई है। स्थानीय लोग अब फिर से सर्दी के मौसम का अनुभव कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### चैनपुर में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# नौ लोगों पर दर्ज हुआ मामला



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (खरएड़) ने एक छापामारी अभियान चलाया। यह अभियान 17 फरवरी 2025 को संचालित किया गया, जिसमें कई लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। छापामारी दल में शामिल अधिकारियों में विद्युत कार्यालय अभियंता गुमला प्रमाण्डल प्रभारी पप्पु, सहायक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा, दिवाकर मिश्रा और मो एनामुल अंसारी शामिल थे। इस अभियान के दौरान कुल 9 व्यक्तियों को बिजली चोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया। इन पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों में तेलेस्फोर खलखो (छतरपुर निवासी), नीरज झा (चैनपुर निवासी), देवगन कुमार (ब्लॉक चौक के समीप दुकान संचालक), विरसु गोप (रामपुर निवासी), समीर खलखो (रामपुर निवासी), गजाधर साहू (कटकही निवासी), निक्की पॉल (कटकही निवासी), मिक्की रोहित एक्का (छिछवानी निवासी) और पुरुषोत्तम सिंह (कटकाही बाजार) शामिल हैं। इन पर जुमार्ना राशि क्रमशः 9709 रुपए से लेकर 19418 रुपए तक लगाया गया है।सहायक अभियंता हरि उरांव ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। छापामारी के दौरान अधिकारियों ने देखा कि कुछ दुकानदार और घरों के लोग ताला लगाकर भागते हुए नजर आए। ऐसे लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे जल्द ही बिजली के मीटर लगवाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चैनपुर प्रखंड के कई किराए के मकानों में बिना मीटर लगाए बिजली चोरी और बायपास कर बिजली जलाने की कई शिकायतें मिल रही थीं। अधिकारियों ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, जिससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों को वैध तरीके से बिजली उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा सके। बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी जारी रहने की संभावना है, ताकि प्रदेश में बिजली की स्थिति में सुधार किया जा सके और आम जनता को सही तरीके से बिजली मिले।

### मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह का डुमरी प्रखंड दौरा

# सेनेट्री पैड निर्माण सेंटर का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने हाल ही में डुमरी प्रखंड का दौरा किया, जहां उन्होंने 'प्रोजेक्ट किशोरी' के अंतर्गत संचालित सेनेट्री पैड निर्माण सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित किसान उत्पादक संगठन मॉडल की जानकारी भी ली। मंत्री ने विशेष रूप से डुमरी प्रखंड में महिलाओं द्वारा संचालित सेनेट्री पैड सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि गुमला जिले में निर्मित सेनेट्री पैड्स देश के सबसे पतले पैड्स में से एक हैं, जिनमें नवीनतम जेल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक के चलते उपयोगकताओं को नमी का अनुभव नहीं होता, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री ने इस परियोजना को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, यह प्रोजेक्ट न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है। हम इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी



आवश्यक कदम उठाएंगे। इसके साथ ही, चैनपुर एवं डुमरी प्रखंड के कांग्रेस कार्यकताओं ने मंत्री को कई मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। कार्यकताओं ने स्थानीय विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, और शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक सुधार के लिए अनुरोध किया। उन्होंने मंत्री से आश्वासन प्राप्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस दौरे ने न केवल स्थानीय महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, बल्कि यह सरकार की योजनाओं के प्रति स्थानीय समुदाय के विश्वास को भी बढ़ाता है। मंत्री के इस सक्रिय प्रयासों से उम्मीद है कि डुमरी प्रखंड में स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा।

### महिला दिवस की भव्य तैयारी आदिवासी एकता मंच की बैठक

# विभिन्न क्रार्यक्रमों का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** आदिवासी एकता मंच के बैनर तले महिला दिवस की तैयारी को लेकर गुरुवार एक महत्वपूर्ण बैठक शहीद नायमन कुजूर अनुमंडलीय स्तरीय पुस्तकायल चैनपुर में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने की, जिसमें कई प्रमुख सदस्यों और एन.जी.ओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड में महिला दिवस को भव्य रूप से मनाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग मंत्री और मंडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्याण मंत्री और विशनपुर विधायक चमरा लिंडा को आमंत्रित किया जाएगा।बैठक में उपस्थित मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, प्रियंका असुर सहित अन्य समिति के सदस्यों ने इस आयोजन की योजना पर चर्चा की। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम चैनपुर प्रखंड में एक यादगार क्षण के रूप में स्थापित होगा और इसे सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला रखा जाएगा। महिला दिवस के इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें खेल-कूद, एकल गायन, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। सभी महिलाएं और बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। बैठक में जेएसएलपीएस बीपीएम बबिता बड़ाईक, आशा लकड़ा, इबलिन कुजूर, शान्ति लकड़ा, एमरेंसिया कुजूर, रश्मि भारती टोप्पो सहित कई अन्य लोगों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस बैठक का उद्देश्य महिलाओं को एकजुट करना और उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में अपनी पहचान बना सकें। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। महिला दिवस का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से चैनपुर प्रखंड के लिए एक खास अवसर साबित होगा।

## दो अपराधियों को घाघरा पुलिस ने देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने घाघरा थाना क्षेत्र मसरिया बांध स्थित हनुमान मंदिर के पास से दो लोगों को देशी कट्टा एवं नाइन एमएम के दो गोली के साथ गिरफ्तार किया। जिसमे घाघरा के हालमाटी निवासी बिनोद उरांव एवं उदय उरांव शामिल है।

इस बावत थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम करीब सात बजे गुप्त सूचना मिली कि दो युवक हथियार के साथ देखे गए है जो लूट की नीयत से है और मसरिया डैम के पास मुर्गा दारू का सेवन कर रहे है। जब छापेमारी दल पहुँचा तो दो युवक संदिग्ध हरक्कत करने लगा तो दोनो ने नाम पुछने पर बिनोद एवं उदय बताया और घर हालमाटी बताया। तलासी लेने पर कमर से एक स्टील जैसे धातु से बना देशी कट्टा एवं पैकेट से नाइन एमएम की दो जिंदा गोली बरामद हुवा। छापेमारी दल में हरिश्चन्द्र दास, सुजीत कुमार यादव एवं बिनोद टेटे शामिल थे।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुरूमगढ़ में ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। कुरूमगढ़**

सशस्त्र सीमा बल की 32वीं वाहिनी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुरूमगढ़ में एक महत्वपूर्ण पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का संचालन डी-समवाय कुरूमगढ़ द्वारा कमांडेंट राजेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुरूमगढ़ के मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शिविर का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को पशुओं की देखभाल और उनकी बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। इस पहल में चैनपुर प्रखंड के पशु चिकित्सक डॉ. धर्म राक्षत विद्यार्थी और डी-समवाय कुरूमगढ़ के कंपनी प्रभारी अंकित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस शिविर में कुल 58 पशुपालकों के 1386 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशुपालकों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गईं, जिससे उन्हें अपने पशुओं की देखभाल में सहायता मिली। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से इस तरह के शिविरों का आयोजन करने का अनुरोध किया।ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल पशुपालकों को सहायता मिलती है, बल्कि यह सामुदायिक स्वास्थ्य और जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। इस आयोजन ने न केवल पशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया, बल्कि ग्रामीणों के बीच सामुदायिक सहयोग को भी सुदृढ़ किया।सशस्त्र सीमा बल की 32वीं वाहिनी ने इस शिविर के माध्यम से एक बार फिर यह साबित किया है कि वे न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि सामाजिक कल्याण के लिए भी तत्पर हैं। इस सफल आयोजन के बाद, उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में भी इसी तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## कड़ासिली गांव में युवक की हत्या, शव सतबहा नाला में फेंका

**गुमला।** गुमला जिले के कड़ासिली गांव में 13 फरवरी 2025 को सतबहा नाला के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ, जिसकी सूचना पर स्थानीय चौकीदार की रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक दर्ज किया गया। पुलिस जांच के दौरान शव की पहचान बिसराम लोहरा, पिता- नगुरा लोहरा, ग्राम- जिरसि, थाना- कुम्हारमुंडा, जिला- गुमला के रूप में हुई। मामले की तहकीकात में यह सामने आया कि मृतक बिसराम लोहरा 12 फरवरी की रात अपने परिचित प्रदीप उरांव से मिला था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिससे गुस्से में आकर प्रदीप ने बिसराम की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उसने सतबहा नाला में फेंक दिया।

## दो समुदायों के बीच हुई शांतिपूर्ण बैठक



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोचा में देवी मंडप के प्रांगण में ग्राम प्रधान करिंदर प्रधान के अध्यक्षता में देवी मंडप के जमीन में मुसलमानों द्वारा अवैध कब्रिस्तान बनाए जाने के विरोध में बैठक रखा गया था जिसमें ग्रामीणों के सुलह विचार से शांतिपूर्ण तरीके से मुसलमान भाइयों ने अपनी कब्रिस्तान को अपनी स्वेच्छा से दूसरी जगह अपनी जमीन में ले जाने का निर्णय लिया और अपनी प्रेम भावना को बनाए रखा जिसमें मुख्य अतिथि हिंदू जागरण प्रदेश प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, घाघरा पंचायत मुखिया इंद्रपाल भगत, बुद्धिजीवी एथेश्वर उरांव, रिचर्डसन एक्का,ब्रिज कुमार डॉक्टर, मुकेश तमरकर, करिंदर पहान, बच्छवा उरांव जितेंद्र पहान नियामुल मिर्धा, खलील खान ,जहीर खान, सिराज खान ,साजिद खान, असगर खान ,अनवर खान, इकबाल खान ,समीर खान और गांव के समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुमला में जमीन की खरीद–बिक्री पर अनिश्चितकालीन बहिष्कार

**गुमला।** जिले में अधिवक्ता संघ एवं ताईद संघ द्वारा जारी अनिश्चितकालीन बहिष्कार के कारण पिछले 20 दिनों से जमीन की खरीद-बिक्री ठप पड़ी है। इस हड़ताल से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन, जनप्रतिनिधि, मंत्री और सांसद पूरी तरह से मौन बने हुए हैं। अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा गुमला के अध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जमीन की रजिस्ट्री न होने से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है, वहीं आम जनता भी अपने जरूरी काम पूरे नहीं कर पा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि खाली पड़े सरकारी भवनों में अस्थायी रूप से निबंधन कार्यालय स्थापित किया जाए ताकि नागरिकों और अधिवक्ताओं को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि निबंधन कार्यालय को शहर से दूर स्थानांतरित करने से आम जनता को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## चार साल के मासूम बच्चे की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है । सेप्टिक टैंक से 4 वर्ष के मासूम बच्चे का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान सुशांत रजक के रूप में हुई है विदित हो की घटना 18 फरवरी की है खिजरी में आयोजित एक शादी समारोह से सुशांत रजक गायब हो गया था, शादी समारोह में सुशांत अपने पिता अजय रजक और अपनी मां के साथ शामिल होने पहुंचा था।

### जेएससीए अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

# सिमडेगा की धमाकेदार जीत पलामू को आठ विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में सिमडेगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पलामू को 8 विकेट से हराकर पूरे अंक अर्जित किए।

**पहली पारी:**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पलामू की टीम 32 ओवरों में मात्र 117 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए आर्यन राज ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, जबकि शिवम राज (18), चैतन्य (16) और अतिरिक्त 21 रनों के सहयोग से टीम मामूली स्कोर तक ही पहुंच पाई। सिमडेगा के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। तानिश चौबे ने 8 ओवर में मात्र 15 रन देकर 3 विकेट झटके। हर्ष कुमार ने 2 विकेट, जबकि संजीत शर्मा, हरप्रीत, अविनाश और गुरुशरण ने 1-1 विकेट हासिल किया।





**दूसरी पारी:**

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिमडेगा की टीम ने 16.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। गुरुशरण ने 55 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि सचिन पाल ने 34, सुभादीप ने 17 और अतुल्य ने 11 रन जोड़े। पलामू के लिए अभिनव और गुंजन ने 1-1 विकेट लिया।

**मैन ऑफ द मैच:**

सिमडेगा के तानिश चौबे को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर मनोरंजन काजीलाल, ओपी राय, स्कोरर संदीप रॉय और अनिकेतन राज ने 5,000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।


## कार्यालय : जिलापरिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

–:रद्द संबंधी सूचना:–

कार्यालय पत्रांक 197/जि0प0, दिनांक 06.02.2025 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 24/24–25 (PR No 345916 District (24-25) # D) के ग्रुप संख्या– 06 में वर्णित कार्य (प्रखण्ड–पत्थलगड़ा, पंचायत–सिंघानी, ग्राम–सिंघानी, लोहार टोला लंगड़ी बाड़ी में बहुउदेश्यीय भवन निर्माण) कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

शेष शर्तें एवं योजनायें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 346838 District(24-25)D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डल अन्तर्गत आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– **EE/RDSD/PALAMAU-15/2024-25/GR-01** प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर के पंचायत चियांकी के ग्राम चियांकी में P.J.T B.Ed कॉलेज गेट से आहर सड़क तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण का कार्य, जिसका P. R. संख्या 342555 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 346832 Rural Development(24-25).D

## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

**आम निलामी सूचना।**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल अन्तर्गत Notice no- PR. NO.344783 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D व्दारा राज्यसात वाहनों की बिक्री दिनांक–21.02.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 346887 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–: शुद्धि पत्र:–**

कार्यालय पत्रांक 197/जि0प0, दिनांक 06.02.2025 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 24/24–25 (PR No. 345916 District (24-25) # D) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **01.03.2025** से **03.03.2025** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **04.03.2025** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **04.03.2025** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 346839 (District) 24-25 (D)

## समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)

**सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र मेंबाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रंका | चिनियॉ | हेताड़ कला | ST | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | रंका | चिनियॉ | रनपुरा | SC | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 3 | रंका | रंका | बरवाहा | ST | सेविका | मंगलवार 11.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 4 | रंका | रंका | बेलवादामर | BC1 | सहायिका | मंगलवार 11.03.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 5 | भण्डरिया | भण्डरिया | मदगड़ी च | ST | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 6 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | BC1 | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 7 | भण्डरिया | भण्डरिया | सरूअत | ST | सहायिका | मंगलवार 11.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 8 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | गिद्धि सिद्धि | BC1 | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 9 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | उरॉव टोला जंगीपुर | ST | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 10 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | दक्षिण टोला नगर उंटारी | BC1 | सहायिका | मंगलवार 11.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 12 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | सुलसुलिया | GEN | सहायिका | मंगलवार 11.03.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | नगरउंटारी | रमना | हारादागकला | BC1 | सहायिका | बुधवार 12.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 13 | काण्डी | काण्डी | मोखापी | SC | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 14 | काण्डी | काण्डी | लमारीकला | BC1 | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 15 | धुरकी | धुरकी | भण्डार उत्तर पश्चिम | BC1 | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 16 | मझिऑव | मझिऑव | खरसोता–3 | SC | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 17 | भवनाथपुर | खरौंधी | भुईया टोला मझिगॉवा | SC | सहायिका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 18 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–2 | SC | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 19 | मेराल | मेराल | गेरूआ सोती | BC2 | सेविका | सोमवार 10.03.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |

ज्ञापांक–..................दिनांक–..............................

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 346853 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

वासनाएं मनुष्या की सबसे निष्ठुर शत्रु हैं, वह तुम्हें तृप्त नहीं कर सकती। केवल ईश्वर को जानने की एकमात्र अभिलाषा रखो। इंद्रियों की मांगों को संतुष्ट करके तुम संतुष्ट नहीं हो सकते, क्योंकि इंद्रियां तुम्हारा स्वरूप नहीं है. वे तो केवल तुम्हारी सेवक हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# 21 भाजपा शासित राज्यों की पहली महिला मुख्यमंत्री

विधानसभा चुनावी नतीजों में ऐतिहासिक जीत के ग्यारह दिन बाद भाजपा विधायक दल द्वारा बतौर मुख्यमंत्री दिल्ली की कमान रेखा गुप्ता के हाथ में सौंपने का निर्णय लिए जाने के साथ ही दिल्ली की राजनीति ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है, जिस पर आज शपथ ग्रहण के बाद औपचारिक मुहर भी लग जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली की सत्ता में वापसी के साथ भाजपा अपने सफर की शुरुआत उसी बिंदु से करने जा रही है, जो छब्बीस साल पहले उसने छोड़ा था। तब सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री थीं और अब एक बार फिर एक महिला चेहरे के साथ ही भाजपा दिल्ली की सत्ता में वापसी भी कर रही है। छात्र राजनीति से शुरुआत करने वाली रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं। उन्हें एक कुशल प्रशासक और बेहद सक्रिय नेता के रूप में जाना जाता है। अरविंद केजरीवाल की तरह हरियाणा से ताल्लुक रखने वाली रेखा गुप्ता का अनुभव, संघ से जुड़ाव और जमीनी मुद्दों की समझ उन्हें इस पद का उपयुक्त उम्मीदवार भी बनाती है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर वैश्य समुदाय व महिला वर्ग को साधने की कोशिश तो की ही गई है, इसके माध्यम से 21 राज्यों की सत्ता में शामिल भाजपा को पहला महिला मुख्यमंत्री चेहरा भी मिला है। रेखा गुप्ता ऐसे वक्त में मुख्यमंत्री बनी हैं, जब दिल्ली यमुना की सफाई, बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, ट्रैफिक जाम, अवैध कॉलोनियों इत्यादि तमाम समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में, इन समस्याओं के समाधान के अलावा रोजगार के नए अवसर पैदा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। ऊपर से, दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के मद्देनजर विपक्ष के साथ संतुलन बिठाते हुए शासन चलाने की चुनौती भी होगी। करीब ढाई दशक बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हो रही है, तो जनता की बढ़ी हुई अपेक्षाओं पर खरा उतरना भी उनके लिए कोई कम बड़ी चुनौती नहीं होगी। महिला मुख्यमंत्री, उनसे यह आशा रहेगी कि वे महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और सुरक्षित माहौल बनाने पर भी विशेष ध्यान देंगी। नई मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल दिल्ली को किस दिशा में ले जाएगा, यह तो समय ही बताएगा। लेकिन यह तय है कि उनकी सफलता इस पर निर्भर करेगी कि वे जनता के साथ कितनी निकटता से जुड़ती हैं और उनके मुद्दों का समाधान कितने प्रभावी ढंग से करती हैं। दिल्ली को लोक-लुभावन नहीं, बल्कि ठोस नीतियों व कार्यों की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि रेखा गुप्ता राजधानी को विकास की वह दिशा देंगी, जिसके लिए उसने लंबा इंतजार किया है।अभी से झारखंड में भी चर्चा होने लगी है कि कब झारखंड को भी पहली महिला मुख्यमंत्री मिल रही है।

*महिला मुख्यमंत्री, उनसे यह आशा रहेगी कि वे महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और सुरक्षित माहौल बनाने पर भी विशेष ध्यान देंगी।*

श्रद्धांजलि

# काव्य जगत का एक व सितारा 'प्राणेश कुमार' खो गया

आज की बात



**विजय केसरी**
कथाकार/स्तंभकार



देश ने हिंदी काव्य जगत के एक सितारे प्राणेश कुमार को खो दिया है। प्राणेश कुमार जीवन के अंतिम क्षणों तक काव्य रचना में मशगूल रहे थे। पिछले दिनों मृत्यु से लगभग एक सप्ताह पूर्व ही प्राणेश कुमार अपने साहित्यिक मित्रों क्रमशः रतन वर्मा और टी.पी पोद्दार के समक्ष कविता का वाचन किया था। उन्होंने उन दोनों साहित्यिक मित्रों की कविताओं को सुनकर अपनी राय भी खुलकर रखी थी। प्राणेश कुमार का संपूर्ण जीवन हिंदी कविता और कथा सृजन को समर्पित रहा था। उनका जन्म 11 जनवरी 1955 को रामगढ़ जिले के गोला में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गोला में ही पूरी हुई थी। उन्होंने उच्च शिक्षा संत कॉलंबा महाविद्यालय से ग्रहण किया था। इसके बाद वे राजकीय सेवा से जुड़ गए थे। प्राणेश कुमार का बचपन से ही हिंदी साहित्य की ओर झुकाव था। वे एक जनवादी विचार धारा के कवि थे। उनका जनवादी पन दिखावा का नहीं बल्कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन एक जनवादी रचनाकार के रूप में बिताया था। उनकी कविताओं में जनवाद की रेखाएं साफ झलकती नजर आती हैं।

प्राणेश कुमार एक संवेदनशील स्वभाव के रहे थे। उनकी यह संवेदनशीलता जीवन के अंतिम क्षणों तक बरकरार रही थी । वे एक सहयोगी प्रकृति के व्यक्ति भी थे। स्कूल और महाविद्यालय में शिक्षण के दौरान जब भी किसी मित्र को कोई कष्ट हुआ, प्राणेश कुमार सीधे मदद करने के लिए पहुंच जाते थे। उनके पास जो भी धन होता, अपने मित्रों के मदद में खर्च किया दिया करते थे। साथ ही वे सशरीर तब तक लगे रहते, जब तक कि मित्र का कष्ट दूर न हो जाए । इस संबंध में झारखंड के जाने-माने कथाकार रतन वर्मा ने बताया कि एक बार उनकी पत्नी मंजू वर्मा गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थी। उनका सर्जरी होना था । उनकी पत्नी को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। इस दौरान उनके चार बच्चों की देखभाल कौन करेगा? इसे लेकर रतन वर्मा थोड़ा परेशान भी थे। यह बात जब प्राणेश कुमार को पता चली तब उन्होंने रतन वर्मा के चारों बच्चों को अपने पास तब तक रखा, जब तक कि उनकी पत्नी पूरी तरह स्वस्थ होकर घर न चली जाए। यह बात कहते हुए आज भी रतन वर्मा की आंखें भर जाती हैं। प्राणेश कुमार का यह स्वभाव सिर्फ रतन रतन वर्मा के साथ ही ऐसा था, यह बात नहीं थी बल्कि वे अपने हर एक मित्रों के साथ उतनी ही आत्मीयता के साथ जुड़े हुए थे।

प्राणेश कुमार का हजारीबाग की धरती से गहरा लगाव था। प्राणेश कुमार के लिए हजारीबाग की धरती साहित्यिक कर्मभूमि रही थी। उन्होंने अपने रचना कर्म के शुरुआती दिनों में हजारीबाग में कई रचनाओं को पूरा किया था। हजारीबाग की गलियों में घूमा फिरा करते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात जाने-माने साहित्यकार भारत यायावर और कथाकार रतन वर्मा से हुई थी। बाद के कालखंड में तीनों गहरे साहित्यिक मित्र भी बन गए थे। 80 के दशक में हजारीबाग के हिंदी साहित्यिक प्रतिभाओं को उभारने के लिए इन तीनों मित्रों ने मिलकर 'संभावना संगोष्ठी' नामक एक साहित्यिक संस्था का स्थापना किया था। उस कालखंड में हजारीबाग के काफी संख्या हिंदी के रचनाकार सृजन रत थें। लेकिन इन सबों के लिए कोई एक साहित्यिक मंच नहीं था। प्राणेश कुमार, भारत यायावर और रतन वर्मा ने मिलजुल कर 'संभावना संगोष्ठी' का गठन कर स्थानीय साहित्यकारों को एक उच्च कोटि का मंच प्रदान किया गया था। सप्ताह में एक बार संभावना संगोष्ठी की गोष्टी जरूर होती थी । जिसमें काफी संख्या में हजारीबाग के हिंदी के साहित्यकार जुटा करते थे। इस गोष्ठी में रचनाकार अपनी रचनाओं का पाठ किया करते थे । यह लिखते हुए गर्व होता है कि इसी संभावना संगोष्ठी से निकले कई साहित्यकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहें थे। संभावना संगोष्ठी की अधिकांश गोष्ठियां रमणिका गुप्ता फाउंडेशन कार्यालय के बाहर वाले सभा कक्ष में संपन्न हुआ करती थी। आगे चलकर संभावना संगोष्ठी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में भी सफल रही थी। देश भर के साहित्यकार संभावना संगोष्ठी को जानने लगे थे। प्राणेश कुमार एक कवि के साथ एक अच्छे कथाकार भी थे। लेकिन उन्हें एक कवि के रूप में ज्यादा प्रसिद्धी मिल पाई। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में 'एक ही परिवेश' (अन्य पांच कवियों के साथ), "सख्त जमीन के लिए' (कविता संग्रह), 'तुमसे मुखातिब' (कविता संग्रह), 'हंसता है सूत्रधार' (कविता संग्रह), 'ढाई आखर' (कविता संग्रह) 'खोया हुआ आदमी' (लघु कथा संग्रह) 'जुस्जू रोशनी की' (गजल संग्रह), 'निशा का अंतिम प्रहर' (गीत संग्रह), 'सत्य का झोंका' (लघु कथा संग्रह) 'क से कविता' (कविता संग्रह) 'प्रतिनिधि कविताएं', 'मुंडेर पर चिड़िया' (कविता संग्रह। इसके साथ ही उन्होंने अपने जीवन काल में कई पुस्तकों का संपादन भी किया। 'आम आदमी के लिए' (कविता संग्रह), 'एक गीत लिखने का मन' (गीत संग्रह) 'रोशनी की लकीरें' (कविता संग्रह), 'समकालीन कहानी' (कहानी संग्रह), 'नया मिजाज' (गजल संग्रह), 'बोनेक बोल' (खोरठा कवित संग्रह) 'लठैत की बहू' (कहानी संग्रह)। हजारीबाग से प्रकाशित 'युद्ध रत आम आदमी' नमक साहित्यिक पत्रिका का दस वर्षों तक संपादन भी किया। उनकी रचनाएं देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में नियमित प्रकाशित होती रही थी। उनकी कई रचनाएं अन्य भाषाओं में भी अनुदित हुईं।

प्राणेश कुमार को 2018 में जब यह पता चला कि उन्हें पेट का कैंसर हो गया। वे बिल्कुल विचलित नहीं हुए बल्कि उन्होंने कैंसर को मात देने के लिए उचित चिकित्सीय सहारा लिया। चिकित्सकों ने उन्हें जो भी परामर्श दिया, उन्होंने पूरी तरह पालन किया। इस दौरान उन्हें विषम सर्जरी का भी सामना करना पड़ा था। वे बिना विचलित हुए सर्जरी का सामना किया । वे कैंसर को परास्त करते हुए आगे बढ़ते रहे थे। जब भी उन्हें अवसर मिलता लेखन से जुड़ जाता करते थे। उन्होंने कभी भी अपने किसी मित्र के समक्ष कैंसर होने का रोना रोया था। कैंसर होने के बावजूद वे अपने मित्रों से खुलकर हंसते बोलते थे । कौन लेखक क्या रचना कम कर रहा है ? इसकी उन्हें जानकारी होती थी। सोशल मीडिया पर भी प्राणेश कुमार गतिशील बने रहते थे । वे अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया करते थे। उनकी रचनाओं पर मिलने वाले प्रतिक्रियाओं का जवाब भी बहुत ही ढंग से दिया करते थे । कैंसर उन्हें हराने का बहुत प्रयास किया लेकिन हर बार कैंसर ही उनसे हार जाया करता था। उनकी उंगलियां जब भी मोबाइल और लैपटॉप पर गतिशील होती थीं, तब कोई न कोई रचना जन्म ले लेती थीं । उनकी यह जीवटता अपने आप में बेमिसाल थी। जीवन के अंतिम दिनों में जब डॉक्टर ने उनके परिवार को यह बता दिया कि अब प्राणेश कुमार ज्यादा दिनों तक रहने वाले नहीं है। इसके बावजूद प्राणेश कुमार की साहित्यिक गतिशीलता कम नहीं हुई थी। इसी दौरान उन्होंने देश के जाने-माने कथाकारों की प्रतिनिधि कहानियों को लेकर एक कथा संग्रह भी तैयार कर लिया। उन्होंने कथा संग्रह पर अपनी ओर से पूरा काम भी कर लिया था। उम्मीद है कि कुछ महीनो में ही उनका यह कथा संग्रह लोगों तक उपलब्ध भी हो जाए। साहित्य के प्रति उनका यह गहरा लगाव अद्भुत था। प्राणेश कुमार 20 फरवरी,2025 को सुबह 7:00 बजे इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु हिंदी सहित जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति के समान है। लेकिन यह भी सच है कि जिनका जन्म हुआ है, उसे मृत्यु को प्राप्त भी करना है। प्रणेश कुमार एक जिंदादिल कवि - कथाकार थे। इसी जिंदादिल के साथ उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## दादाजी का आखिरी सम्मान

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

बुढ़ापा तो अपने आप में एक महागाथा है, और हमारे यहाँ इसे पवित्रता का दर्जा दिया गया है। लेकिन ये पवित्रता असल में एक ऐसा ताज है जो काँटों से भरा है। हमारे किस्से के नायक, 82 साल के जगन्नाथ शर्मा, इसी पवित्रता की चक्की में पिस रहे थे। कानपुर के अपने छोटे से फ्लैट में, जहाँ तीन पीढ़ियाँ रहती थीं, दादाजी का होना सिर्फ तभी याद आता था जब चाय पीने के लिए किसी को पुराने अखबार चाहिए होते थे। जगन्नाथ शर्मा का ज्यादातर समय उनकी लकड़ी की पुरानी कुर्सी पर कटता था, जो उनके साम्राज्य का इकलौता सिंहासन था। उनकी पोती रिया अक्सर कहती थी, "दादाजी किसी पुराने मंदिर जैसे हैं-देखने में अच्छे, लेकिन दूर से ही सही।" और उनका पोता केशव, जो अपने महंगे स्मार्टफोन से शायद ही कभी नजरें हटाता था, अक्सर तंज कसता, "बुजुर्गों का असली सुख तो उनका अकेलापन है। उनसे बात करो तो वो भी अपने अनुभवों से रुला देंगे!" जगन्नाथ जी के बेटे, प्रकाश, एकदम आदर्श बेटे होने का दिखावा करने में माहिर थे। वे अक्सर अपने दोस्तों से कहते, "हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।" और उसी संस्कार के तहत वे अपने पिताजी को बचा-खुचा खाना और ढेर सारी अनदेखी परोस देते। "पापा, आपकी पीढ़ी में सादगी थी। अब इस जमाने में वक्त कहां मिलता है?"अब ये सुनहरा दिन आया, जब परिवार ने "बुजुर्ग सम्मान दिवस" मनाने का फैसला किया। ये कोई त्योहार नहीं था, बस एक फोटो-अपॉर्चुनिटी थी। सबने मिलकर तय किया कि दादाजी की फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर डालनी है। केशव ने पोस्ट में लिखा, "# ग्रेटेस्टऑफ़ऑलटाइम। हमारे दादाजी, भारतीय संस्कृति का सच्चा नमूना।" दादाजी उस वक्त रसोई में रखी बासी चाय देख रहे थे, जो सुबह से ठंडी हो चुकी थी। दोपहर में पड़ोसी भी पहुंच गए। "जगन्नाथ जी तो हमारे मोहल्ले के सम्मान हैं," श्रीमती गुप्ता ने कहा, जिनकी शिकायत हमेशा रहती थी कि दादाजी पार्क में ज्यादा वक्त बिताते हैं। मिठाई का डिब्बा उनके साथ था, जो शायद दादाजी के मधुमेह के लिए किसी सजा से कम नहीं था। "बुजुर्ग तो घर के खजाने होते हैं," उन्होंने कहा, लेकिन उनकी आवाज में वो खनक थी जो सोने की गिन्नियों में होती है-खाली दिखावा। शाम को जब केक काटने की बारी आई, तो ये भी एक व्यंग्य से कम नहीं था। केक को वॉकर के आकार में बनाया गया था। "दादाजी, इसे काटिए! ये तो आपके जैसा है," रिया ने हंसते हुए कहा। जगन्नाथ जी ने पूरी ताकत जुटाई और उठ खड़े हुए। उनकी आवाज में गुस्सा और ठहराव दोनों था, "बस बहुत हो गया!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सैन्य-शैली अनुशासन की शुरुआत स्कूलों से हो

आपकी बात



**ले कर्नल अभिषेक कुमार**
आयुध अधिकारी, भारतीय सेना

अनुशासन के लिए जाने जानेवाली भारतीय सेना इसके आधिकारिक आदर्श वाक्य "सेवा अस्माकम धर्म" (स्वयं से पहले सेवा) द्वारा निर्देशित है। सैन्य सेवा की अनूठी मांग के कारण भारतीय सेना में अनुशासन अन्य क्षेत्रों से भिन्न है। सैनिकों को कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है जो अनुशासन को उनके खून में बसा देता है। यह प्रशिक्षण शारीरिक सहन शक्ति, मानसिक लचीलापन और भावनात्मक नियंत्रण के माध्यम से अनशासन स्थापित करता है । भारतीय सेना विषम परिस्थितियों में काम करती है जहां अनुशासन जीवन और मृत्यु के बीच अंतर ला सकता है। वाक्यांश "एक सभी के लिए और सभी एक के लिए" एकता, भाईचारे और टीम वर्क की भावना को दर्शाता है जिसके लिए भारतीय सेना खड़ी है। यहां आदेशों का बिना किसी सवाल के तुरंत (युद्ध की स्थिति में) पालन किया जाता है क्योंकि लोग एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। पदानुक्रमित संरचना का सम्मान किया जाता है।यहां निर्देशों का पालन आज्ञाकारी ढंग से किया जाता है।


जब कि इसके उलट कॉर्पोरेट में निर्णय लेने में लचीलापन होता है।सिविल नौकरियों की कार्यावधि निश्चित होती है जबकि सेना 24/7 सक्रिय रहती है। सैनिक न केवल काम के दौरान बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में अनुशासित (शारीरिक फिटनेस, समय की पाबंदी और व्यक्तिगत आचरण) रहते हैं। वर्तमान में देखा जा रहा है कि विद्यार्थियों के अनुशासन एवं नैतिक दृष्टिकोण में गिरावट आ रही है। छात्रों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, नशीली दवाओं का सेवन करने, अपराध करने और आत्महत्या करने जैसी कई घटनाएं सुनने में आती हैं।

लेकिन सवाल ये है कि ऐसा क्यों हो रहा है. क्या हमें अपने शैक्षणिक संस्थान में कुछ बदलाव लाने की ज़रूरत है, जो छात्रों को देश का एक जिम्मेदार और रचनात्मक नागरिक बनने का प्रशिक्षण और अनुशासन प्रदान करे? सैन्य प्रशिक्षण समय की पाबंदी, अधिकार के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी पर जोर देता है। ये ऐसे गुण हैं जो छात्रों को स्मार्ट तरीके से आगे बढ़ने और काम टालने और आलस्य की आदत को कम करने में मदद करेंगे। स्कूल और कॉलेज टीम वर्क को विकसित करने के लिए अभ्यास, समूह कार्य और नेतृत्व भूमिका जैसी गतिविधियों को विकसित कर सकते हैं। विद्यार्थी स्वयं के साथ-साथ अपने साथियों की भी जिम्मेदारी लेना सीखेंगे। सख्त अनुशासन अवज्ञा और बदमाशी जैसी बुरी आदतों को हतोत्साहित करता है जिससे छात्र शिक्षकों, नियमों और समाज का सम्मान करना सीखते हैं।

सैन्य अनुशासन शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देगा।यह मोटापे और अवसाद से निपटने में मदद करेगा। विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रूप से आत्मविश्वास महसूस करेंगे। छात्र संरचित दिनचर्या और चुनौतियों के माध्यम से समय प्रबंधन और मानसिक लचीलापन सीखेंगे। यह छात्रों में व्यावसायिकता पैदा करता है। हालांकि सैन्य अनुशासन को शिक्षा में रचनात्मकता और लचीलेपन के साथ संतुलित करने की आवश्यकता है। सख्त अनुशासन से डर का माहौल नहीं बनना चाहिए या अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा इसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। स्कूलों को रचनात्मकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और लचीलेपन के लिए मिश्रित वातावरण के साथ एक सैन्य अनुशासन मॉडल अपनाना चाहिए। इसमें देशभक्ति के माध्यम से देश के प्रति सम्मान और ज़िम्मेदारी का भाव विकसित करना हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हंस कर टाली जब कही, पनिहारी ने बात।
मुखिया तेरे गाँव का, कूआं सूखा जात।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मातृभाषाएं संवारती हैं संस्कार और संस्कृति को

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

देश की बात



**ललित गर्ग**

मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपराओं, जीवनमूल्यों और इतिहास को संजोने का एक सशक्त साधन है। यह समाज, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए पहचान का महत्वपूर्ण साधन होती है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़कर अधिक अच्छी तरह से समझ विकसित करते हैं, वहीं आमजन के लिये संवाद एवं व्यवहार का प्रभावी माध्यम भी यही है। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यूनेस्को ने मातृभाषा के महत्व को समझते हुए मातृभाषा के संरक्षण और बहुभाषी शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर साल 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 1999 में की और 2000 से इसकी शुरुआत की। इस वर्ष 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए इसकी थीम "भाषा का महत्वः अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह" है, जो 2030 तक अधिक समावेशी और टिकाऊ विश्व के निर्माण के लिए भाषाई विविधता पर प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित करेगा। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने, लुप्तप्राय भाषाओं की रक्षा करने और बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करने पर जोर दे रहा है। तकनीकी विकास और इंटरनेट के सुरक्षित विस्तार के साथ, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि स्थानीय और मातृभाषाओं को डिजिटल माध्यमों में कैसे संरक्षित किया जाए। यह दिवस हमें भाषाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है।

यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत आबादी को उस भाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। फिर भी, बहुभाषी शिक्षा में प्रगति हो रही है, इसके महत्व की समझ बढ़ रही है, खासकर प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में, और सार्वजनिक जीवन में इसके विकास के लिए अधिक प्रतिबद्धता है।

मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। विश्व में विगत 40 वर्षों में लगभग डेढ़ सौ से अधिक अध्ययनों के निष्कर्ष हैं कि मातृभाषा में ही शिक्षा होनी चाहिए, क्योंकि बालक को माता के गर्भ से ही मातृभाषा के संस्कार प्राप्त होते हैं। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुम्भ : प्रयागराज एयरपोर्ट भी बना रहा नित नए रिकार्ड

**एजेंसी। महाकुम्भ नगर।** संगम की पवित्र धरती पर चल रहे महाकुम्भ मेले के समापन में अब छह दिन शेष हैं। पर कुम्भ आने वालों की संख्या बढ़ रही है। इनमें हवाई मार्ग से पहुंचने वाले श्रद्धालु भी शामिल हैं। महाकुम्भ ने क्षेत्र की हवाई यात्रा को पूरी तरह से बदल दिया है। चाहे एक दिन में यात्रियों की एयरपोर्ट पर संख्या हो, चार्टर्ड विमानों की लैंडिंग हो या कुल फ्लाइट्स की संख्या। प्रयागराज एयरपोर्ट का यात्री यातायात चार गुना से ज्यादा बढ़ गया है और इसे भारत के शीर्ष 20 एयरपोर्ट्स में शामिल किया गया है।जब 2019 में प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट बना था तो किसी ने सोचा नहीं था कि वर्ष 2025 का महाकुम्भ इसके लिए ऐतिहासिक होगा और ढेरों रिकॉर्ड टूटेंगे और बनेंगे। प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता 4000 लोगों की है, जिसमें प्रतिदिन 20 नियमित उड़ानें ऑपरेट होती हैं। 19 फरवरी को एक ही दिन में 254 विमानों से 23,196 यात्रियों का आवागमन हुआ। यह अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान है। बुधवार को 120 चार्टर विमान आए-गए। जबकि 134 शेड्यूल विमानों का आवागमन हुआ। इससे एयरपोर्ट पर विमानों की लाइन लग गई। कुल 11,585 यात्री प्रयागराज आए, जबकि 11,611 यात्री यहां से रवाना हुए। एक ही दिन में यात्रियों के आने-जाने की भी यह सर्वाधिक संख्या है। महाकुम्भ शुरू होने के बाद यह 17वां ऐसा मौका है। जब प्रयागराज एयरपोर्ट ने अपने ही रिकार्ड को तोड़ा है। इससे पहले 16 फरवरी को 20297 यात्रियों के आवागमन का रिकॉर्ड बना था।

**सात फरवरी को आंकड़ा 100 के पार :** वसंत पंचमी तीन फरवरी को स्नान के बाद भीड़ कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है। सात फरवरी को पहली बार विमानों के आवागमन का आंकड़ा 100 को पार करके 111 हुआ था और 12,717 यात्रियों का आवागमन हुआ था। इसके बाद आठ फरवरी को 138 विमान व 13,303 यात्री, 10 फरवरी को 13,915 यात्री, 11 फरवरी को 157 विमान व 13,963 यात्री, 13 फरवरी को 151 विमान से 16310 यात्री, 15 फरवरी को 189 विमान से 19,822 यात्री और 16 फरवरी को 178 विमानों से 20,297 यात्रियों का आवागमन हुआ था।




**14 जनवरी को आए 43 विमान :** इससे पहले 14 जनवरी को 43 विमान व 5,250 यात्रियों का आवागमन, 28 जनवरी को 62 विमान व 8,378 यात्रियों, 31 जनवरी को 62 विमान व 6,862 यात्रियों, एक फरवरी को 87 विमान व 10,599 यात्रियों के आवागमन का कीर्तिमान बना था। जबकि चार फरवरी को 87 विमानों व 11,560 यात्रियों का आवागमन हुआ। सात फरवरी को 111 विमान व 12717 यात्रियों का, आठ फरवरी को 138 विमान व 13,303 यात्री, 10 फरवरी को 13,915 यात्रियों का और 11 फरवरी को 157 विमान व 13,963 यात्रियों का आवागमन हुआ। अब नया कीर्तिमान 13 फरवरी को 151 विमान से 16310 यात्रियों के आवागमन का बना है।

**चार्टर फ्लाइट्स का बना रिकार्ड :** एयरपोर्ट पर औसतन 20 से 25 चार्टर्ड विमान रोज पहुंच रहे हैं, इनमें फिल्म और मनोरंजन जगत की सितारे, नेता, बिजनेसमैन और विदेशी ट्यूरिस्ट और राजनयिक शामिल हैं। फलस्वरूप 18 फरवरी को पहली बार चार्टर के आवागमन का भी शतक लग गया। एक ही दिन में 60 चार्टर आए, इनसे 283 विशिष्ट यात्री। जबकि इतने ही चार्टर से 385 विशिष्ट यात्री रवाना हुए। कुल 120 चार्टर से 668 विशिष्ट यात्रियों का आवागमन हुआ। यह अपने आप में बड़ा कीर्तिमान है।17 फरवरी को अब तक के सर्वाधिक 86 चार्टर से कुल 435 यात्रियों का आवागमन का रिकार्ड बना था। सात फरवरी को 37 चार्टर व 229 विशिष्ट यात्री, आठ फरवरी को 60 चार्टर व 356 विशिष्ट यात्री, 11 फरवरी को 71 चार्टर व 429 विशिष्ट यात्री व 14 फरवरी को 76 चार्टर व 318 विशिष्ट यात्री के आवागमन का रिकार्ड बना था। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, यह सिलसिला 26 फरवरी तक जारी रहने का अनुमान है।

**शीर्ष 20 एयरपोर्ट्स हुआ शामिल :** महाकुम्भ में उमड़ी भीड़ के कारण प्रयागराज एयरपोर्ट भारत के शीर्ष 20 एयरपोर्ट्स में शामिल हो गया है। यह पटना, चंडीगढ़ और गोवा के मोपा जैसे एयरपोर्ट्स से भी आगे निकल गया है। महाकुम्भ के लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल और एप्रन क्षेत्र को बढ़ाया गया है। इसके चलते अब रात में भी विमानों का संचालन किया जा रहा है। जिसके चलते काफी ज्यादा विमान उड़ान भर पा रहे हैं।

**पहले के मुकाबले चार गुना हुई उड़ानें :** महाकुम्भ से पहले के मुकाबले अब उड़ानों की संख्या चार गुना से भी अधिक हो गई है। एयरपोर्ट से चलने वाली 283 साप्ताहिक उड़ानों में से 116 स्पाइसजेट की हैं। इंडिगो 82 उड़ानों के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि एयर इंडिया की 32 साप्ताहिक उड़ानें हैं। एलायंस एयर की 28 और अकासा एयर की 25 साप्ताहिक उड़ानें हैं। इस दौरान प्रयागराज की कनेक्टिविटी भी बढ़ी है।

**17 शहरों से जुड़ा प्रयागराज :** हवाई मार्ग से प्रयागराज अब 17 अलग-अलग शहरों से जुड़ा है। दिल्ली सबसे आगे है, जहां से 87 साप्ताहिक उड़ानें हैं। मुंबई से 53 और बेंगलुरु से 36 उड़ानें हैं। प्रयागराज ही नहीं, बल्कि आस-पास के इलाके भी इस बढ़ी हुई कनेक्टिविटी का फायदा उठा रहे हैं। अयोध्या और वाराणसी की यात्राएं भी श्रद्धालुओं में लोकप्रिय हो रही हैं।

**दो टर्मिनल का किया विस्तार :** केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू 19 फरवरी को प्रयागराज पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि हमने प्रयागराज टर्मिनल का विस्तार किया है क्योंकि यहां कुम्भ मेला चल रहा है। हमने क्षमता भी दोगुनी कर दी है।... लोग प्रयागराज आना चाहते हैं, लोग पवित्र स्नान करना चाहते हैं इसलिए हम एयरलाइन्स से लगातार बात कर रहे हैं। हम उन्हें नए कनेक्शन और नए रूट जोड़ने के लिए कह रहे हैं ।

## ममता का महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहना उस स्थिति के लिए उपयुक्त : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती



**बेमेतरा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' बताने वाले बयान पर साधु-संतों में नाराजगी है। हालांकि बुधवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए इस बयान का समर्थन किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, "जब मृत्यु होती है, तो उसे मृत्यु के अलावा और क्या कहा जाना चाहिए? अगर उन्होंने ऐसा कहा है, तो इसका कारण यह है कि वास्तव में ऐसा ही हुआ था और इस्तेमाल किए गए शब्द उस स्थिति के लिए उपयुक्त थे। उन्होंने कहा, "जब मौत हुई, तो उसे मौत के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता। अगर ममता बनर्जी ने इन शब्दों का इस्तेमाल किया है, तो यह वास्तविक स्थिति को दर्शाता है। हमारे पास सीमित जगह और सीमित दिन थे और फिर भी हमने करोड़ों लोगों को आमंत्रित किया, जिससे वे खतरनाक स्थिति में फंस गए। जो हुआ, वह सभी के सामने है। लोगों की जान चली गई और अधिकारियों ने घंटों तक अफवाह बताकर मौतों के बारे में सच्चाई छिपाने की कोशिश की। प्रयागराज में भगदड़ से निपटने के सरकार के तरीके पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इतने दिनों बाद भी मौतों की संख्या स्पष्ट नहीं है। अगर कोई नेता इस वास्तविकता के बारे में बोलता है, तो हम इसका विरोध कैसे कर सकते हैं?

### ममता के 'मृत्यु कुंभ' वाले बयान पर विपक्षी दलों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' बताने वाले बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ममता पर हमलावर है, वहीं दूसरी तरफ तमाम विपक्षी पार्टियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। किसी ने ममता के बयान का समर्थन किया तो किसी ने विरोध जताया। 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के नेता वारिस पठान ने ममता के बयान का समर्थन करते हुए कहा, "महाकुंभ के अंदर कई लोगों की जान गई, इसके बाद किसी ने कहा कि उनको मोक्ष प्राप्त हो गया। उसके बाद दिल्ली स्टेशन पर हुए हादसे को सभी ने देखा। मैं इसको हादसा नहीं बल्कि हत्या कहूंगा, जिसमें 18 लोगों की मौत हुई और 30 से अधिक लोग घायल हुए। वारिस पठान ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ को लेकर शिगूफा छोड़ दिया कि 144 साल बाद यह आयोजन हो रहा है, यह कुंभ नहीं बल्कि महाकुंभ है। करोड़ों लोग आने वाले हैं, और हर चीज की सुविधा है। ऐसे में इसमें सरकार की विफलता है। महाकुंभ के आयोजन पर उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने ममता के बयान का समर्थन किया।

### मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## 10 करोड़ की कीमत के ड्रग्स जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने दादर इलाके के एक गेस्टहाउस पर छापेमारी करते हुए 5 किलो एमडी ड्रग्स जब्त किया। इन ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों, जहांगीर शाह आलम शेख (मुंबई निवासी) और सेनॉल शेख (पश्चिम बंगाल निवासी) को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की टीम अब इस मामले की और जांच कर रही है। इससे पहले 14 फरवरी को महाराष्ट्र के ठाणे की नारकोटिक्स सेल ने ड्रग्स को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की थी। तीन अलग-अलग जगहों पर की गई छापेमारी में नारकोटिक्स सेल ने तकरीबन 2.60 करोड़ रुपये से ज्यादा की ड्रग्स जब्त की थी। जब्त ड्रग्स में एमडी और गांजे की बड़ी मात्रा शामिल थी। ठाणे शहर के शील डायघर इलाके में स्थित चेतन अपार्टमेंट के रूम नंबर 202 में छापेमारी की गई थी। पुलिस ने 1.109 ग्राम एमडी ड्रग बरामद किया था, जिसकी मार्केट वैल्यू दो करोड़ 25 लाख 45 हजार रुपये के करीब बताई गई थी। इस मामले में वारदात की जगह से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके नाम इलियास कुशहाल खान (19), अमान कमाल खान (21) और सैफ अली खान हैं।

### खरीदे जाएंगे 149 सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो

## आईसीजी की बढ़ेगी अंतर-संचालन क्षमता

- बीईएल से हुआ अनुबंध, 1220.12 करोड़ आएगी लागत
- ब्लू इकोनॉमी उद्देश्यों की दिशा में एक रणनीतिक कदम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए 149 सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो खरीदने का अनुबंध भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ किया। कुल 1220.12 करोड़ रुपये की लागत से 149 सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो बेंगलुरु की कंपनी बीईएल से खरीदे जाएंगे। ये अत्याधुनिक रेडियो हाई-स्पीड डेटा और सुरक्षित वॉयस संचार के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। इससे भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव अभियान, मत्स्य संरक्षण और समुद्री पर्यावरण संरक्षण सहित अपनी मुख्य जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता मजबूत होगी। इसके अतिरिक्त ये रेडियो भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त अभियानों के लिए अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परियोजना तटरक्षक बल की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करके भारत सरकार के ब्लू इकोनॉमी उद्देश्यों का समर्थन करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए यह अनुबंध उन्नत सैन्य-ग्रेड संचार प्रणालियों के लिए देश की विनिर्माण क्षमताओं कोबढ़ाएगा। इसके साथ ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे और विशेषज्ञता विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी तरह का ई-मेल आज फिर से मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी आया है। इसलिए इस तरह का ई-मेल भेजने वालों की छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा की समीक्षा भी की गई है । इससे पहले जनवरी में एक 24 साल के युवक ने सोशल मीडिया पर एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना के बाद ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

## पश्चिम बंगाल : महाकुंभ जाते समय हादसा, दो की मौत 6 घायल

**बांकुड़ा।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे एक परिवार की कार बुधवार रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और चार महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों में से एक महिला की हालत गंभीर है। बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर स्थित अयोध्या गांव के दो परिवारों के आठ सदस्य प्रयागराज के महाकुंभ स्नान के लिए कार से रवाना हुए थे। घर से कुछ दूर निकलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर यह हादसा हुआ। हादसे की भयावहता का अंदाजा क्षतिग्रस्त कार को देखकर लगाया जा सकता है। अगला भाग पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। हादसे में घायल कार चालक ने पूरे हादसे के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि उनके वाहन की स्पीड 70 से 80 किमी प्रति घंटा थी। जब उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर कुल्टी थाना क्षेत्र के चौरंगी चौराहे के पास पहुंची, तभी एक लॉरी ने कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद कार एक खड़े कंटेनर से जा टकराई और हादसा हो गया।

## बिहार में अब सिर्फ शिक्षा विभाग के नियमित अधिकारी ही कर सकेंगे स्कूलों का निरीक्षण

**एजेंसी। पटना**



- अपर मुख्य सचिव ने जारी किया आदेश

बिहार में अब स्कूलों का निरीक्षण अल्प अवधि संविदा पर नियोजित या आउटसोर्स के माध्यम से नियोजित कर्मी नहीं कर सकेंगे, बल्कि यह कार्य अब सिर्फ विभाग के नियमित अधिकारी ही कर सकेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने गुरुवार को इससे संबंधित एक आदेश सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजा है। अपने आदेश में अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि अब अल्प अवधि संविदा पर नियोजित या आउटसोर्स के माध्यम से नियोजित किसी भी कर्मी के माध्यम से विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया जाएगा। अब सिर्फ शिक्षा विभाग एवं बीईपी के नियमित पदाधिकारी ही विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इनमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक (बीईपी) और सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन विद्यालयों का निरीक्षण किया जाना है, उनका चयन प्रत्येक निरीक्षण के लिए निर्धारित दिन अपर मुख्य सचिव के द्वारा किया जाएगा। इन विद्यालयों की सूचना एक दिन पहले रात में नौ बजे मोबाइल पर अपर मुख्य सचिव कार्यालय के माध्यम से भेजी जाएगी। बताया गया है कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को उचित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय निरीक्षण के लिए आदेश दिया गया था। लेकिन, जांच में पाया गया कि निरीक्षण के बाद भेजे गए कई डाटा फर्जी हैं। यही नहीं, जब स्थानीय जांच की गई तो निरीक्षण प्रतिवेदन और स्थलीय स्थिति में बहुत भिन्नता थी। उल्लेखनीय है कि सभी पदाधिकारियों को प्रत्येक माह कम-से-कम 25 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाना है। पत्र में यह चेतावनी भी दी गई है कि निरीक्षण प्रतिवेदन फर्जी या भ्रामक पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों पर आवश्यक अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## बिहार का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे और जीतेंगे : शाहनवाज हुसैन

**बेगूसराय (आईएएनएस)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने गुरुवार को कहा कि अभी भाजपा ने राष्ट्र का चुनाव जीता, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली भी जीते हैं, अब बिहार की बारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोग बिहार का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। नीतीश कुमार जैसा अनुभवी मुख्यमंत्री किसी के पास नहीं है। बेगूसराय में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद बधाई देते हुए कहा कि आज देश की महिलाएं खुश हैं। भाजपा के कई राज्यों में मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री दिल्ली में बनी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागलपुर आगमन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भागलपुर आ रहे हैं। यहां वे किसानों से मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने सबसे ज्यादा काम किसानों के लिए किया है। उनकी आमदनी दोगुनी करने का काम किया जा रहा है। बिहार में इथेनॉल के प्लांट लगे हैं। बिहार में इथेनॉल के 17 प्लांट लगाने की मंजूरी मिली, जिसमें 12 से 13 लग गए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## यूपी बजट : मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देगी योगी सरकार

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पेश किया। बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। बजट में योगी सरकार ने महिला व श्रमिक कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। इस बजट में महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी भी देगी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए बीसी सखी योजना के अंतर्गत 39, 556 बीसी सखी द्वारा कार्य करते हुए 31, 103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेनदेन किया गया व 84.38 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया गया। लखपति महिला योजना के अंतर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है और 2 लाख से ज्यादा महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अब तक लगभग 1.86 करोड़ लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं। योगी सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कंपनियों के गठन के लिए महिला सामर्थ्य योजना संचालित है। योगी सरकार उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान करेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कॉलेज जाती मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत स्कूटी देने के लिए सरकार ने 400 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सह-शिक्षा की व्यवस्था के साथ-साथ बालिका छात्रावास का निर्माण, बालिकाओं का सशक्तिकरण, मीना मंच, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के लिए योगी सरकार ने बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। इसके तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान हेतु 2980 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झांसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके लिए 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## एनआईए की नकली नोट सप्लाई मामले में छापेमारी

**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**



नकली नोट सप्लाई के मामले में जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मुरली गांव निवासी राजेश सहनी के घर एनआईए की छापेमारी के बाद अहम खुलासे हुए है। बीते साल 5 सितंबर को मिल्ट्री इंटलीजेंस के इनपुट पर मोतिहारी पुलिस ने नेपाल से नकली नोट लेकर रक्सौल के रास्ते जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में पॉल्ट्रीफार्म संचालक मुजफ्फर अहमद वाणी उर्फ सरफराज को पहुंचाने जा रहे इंजीनियर नजरे सद्दाम, मो वारिस और जाकिर हुसैन को बंजरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार तीनो ने बताया था कि उन्हे नकली नोट नेपाल के धोरे में राजेश सहनी नामक व्यक्ति ने दिया था।तब से पुलिस की टीम राजेश सहनी को नेपाली नागरिक मानकर तलाश रही थी।हालांकि वह राजेश सहनी पूर्वी चंपारण जिले के संग्रामपुर के मुरली गांव का निवासी निकला है,जो एलएंडटी नामक फाइनेस कंपनी में बतौर कर्मी काम कर रहा है। यह अहम खुलासा एनआईए के द्वारा मोबाइल सर्विलांस, सीडीआर और लोकेशन के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान हुआ है। राजेश सहनी संग्रामपुर के मुरली गांव निवासी शंभु सहनी का बेटा है।फिलवक्त वह वैशाली में एलएंडटी फाइनेंस में काम करता है। जानकारी के अनुसार राजेश सहनी का नेपाल के काठमाण्डु में बैठे पाकिस्तान व बंग्लादेश के उन गुर्गो से कनेक्शन है,जो भारत में नकली नोट के प्रसार को बढावा दे रहे है। राजेश सहनी भारत के खुफिया व सुरक्षा एजेंसियो को चकमा देने के लिए नकली नोट का डिलेवरी नेपाल के अलग अलग जगहों पर करता था। इसके साथ ही वह मोबाइल में कभी नेपाली नंबर तो कभी भारतीय नंबर का इस्तेमाल करता था, जिस कारण सुरक्षा एजेंसी को उसका लोकेशन ट्रेंस करने में कठिनाई हो रही थी।



# दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए उतरेगा अफगानिस्तान

**कराची।** पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही अफगानिस्तान की टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखकर शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती रही है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं लेकिन इसके बावजूद वह अभी तक केवल चैंपियंस ट्रॉफी ही जीत पाई है। इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी जोरजी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में जबकि हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसका गेंदबाजी विभाग है क्योंकि तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अपनी आक्रामकता के लिए मशहूर तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी तथा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा। स्पिन विभाग में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की अहम भूमिका होगीं।

दक्षिण अफ्रीका का हाल में वनडे में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि वह इन मैचों में विभिन्न कारणों से अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरा था। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड है जो खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के पास नॉकआउट चरण में पहुंचने का यह शानदार मौका होगा। उसने वनडे विश्व कप 2023 में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया और पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमी फाइनल में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने इस तरह से साबित कर दिया है कि उसकी टीम को अब केवल छुपा रुस्तम तक सीमित रखना सही नहीं होगा।

**दक्षिण अफ्रीका**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**अफगानिस्तान**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

## शुभमन गिल का शतक

# टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हराया



**एजेंसी/नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मुकाबले में विजयी शुरूआत की है। दुबई के स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 229 रन का लक्ष्य 47वें ओवर में हासिल किया। इस दौरान शुभमन गिल के बल्ले से शतक निकला। उन्होंने एक छोर संभलते हुए 125 गेंदों पर शतक जमाया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मुकाबले में शुभमन का शतक है। वह वनडे फार्मेट में नंबर वन बल्लेबाज है। इस पारी ने उन्हें साबित भी कर दिया कि वह क्यों नंबर वन है। इससे पहले मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लेकर बांग्लदेश को 228 रन पर रोका था। बांग्लादेश की ओर से तौहीद ने शतक लगाया लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई। भारतीय टीम ने इसे आसानी से हासिल कर लिया।

**बांग्लादेश : 228 (49.4 ओवर)**

बांग्लादेश ने तौहिद हृदय (100 रन) के शतक और जाकिर अली (68 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच में भारत के खिलाफ 49.4 ओवर में 228 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 53 रन देकर पांच विकेट झटके और सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने। हर्षित राणा ने तीन और अक्षर पटेल ने दो विकेट अपने नाम किए। हृदय और जाकिर ने बांग्लादेश को ऐसे समय में संभाला जब टीम 35 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 154 रन की भागीदारी निभाई जो इस विकेट के लिए किसी भी टीम द्वारा भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी है।

**भारत : 231/4 (46.3 ओवर)**

जवाब में खेलते हुए टीम इंडिया ने ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। रोहित लय में नजर आए। उन्होंने 12 रन पूरे करते ही वनडे फॉर्मेट में 11 हजार रन भी पूरे कर लिए। उनका 10वें ओवर में विकेट गिरा। उन्होंने 36 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 41 रन बनाए। इसके बाद क्रीज पर विराट कोहली आए। वह 13 रन बनाते ही आईसीसी वनडे टूनामेंट्स में रिकी पोंटिंग से ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। उन्हें 22 के स्कोर पर राशिद हुसैन ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। वहीं, शुभमन गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद श्रेयस आए लेकिन वह 15 रन बनाकर ही आऊट हो गए। क्रीज पर आए अक्षर पटेल भी मात्र 8 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद टीम इंडिया को शुभमन और केएल राहुल जीत तक ले गए। शुभमन ने 125 गेंदों पर शतक जड़ा। केएल राहुल ने 41 रन बनाए। अब टीम इंडिया का आगामी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को दुबई में ही होना है।

# भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ मैचों में निरंतरता बनाए रखना चाहती है : हरमनप्रीत



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अगले मैचों में आयरलैंड से भिड़ने के लिए तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य रखेगी, कप्तान हरमनप्रीत ने जोर देकर कहा कि हर मैच महत्वपूर्ण है, और टीम पिछली जीत की लय को जारी रखना चाहेगी। अपने अभियान की मिली-जुली शुरूआत के बाद, भारत आगामी मैचों में ठोस प्रदर्शन के साथ गति बनाने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा है। मेजबान टीम ने टूर्नामेंट की शुरूआत स्पेन के खिलाफ 3-1 से हार के साथ की, लेकिन दूसरे गेम में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-0 की शानदार जीत के साथ जल्दी ही वापसी की। हालांकि, जीत की उनकी तलाश तब थम गई जब उन्हें अपने तीसरे मैच में जर्मनी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। चौथे मैच में भारत ने वापसी की और कप्तान हरमनप्रीत और उप कप्तान हार्दिक सिंह की वापसी की बदौलत जर्मनी पर 1-0 से जीत हासिल की।

## कार्लोस अलकराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**दोहा(हि.स.)।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने बुधवार को इतालवी क्वालीफायर लुका नारदी को हराकर कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि, यह जीत उनके लिए आसान नहीं रही। पहला सेट जीतने और दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त लेने के बावजूद, अलकराज को संघर्ष करना पड़ा जब नारदी ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक खींच लिया। तीसरे सेट में, अलकराज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और 6-1, 4-6, 6-3 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# चैंपियंस लीग: एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया



**मैड्रिड(आईएएनएस)।** किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार (आईएसटी) को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करके यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की। सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरूआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही, डिफेंस में फिर से कमजोर दिखी, जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही।

रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी चोट के बाद एंटोनियो रुडिगर को वापस लाने में सफल रहे, जिससे उन्हें राऊल एसेनसियो को राइट-बैक पर खेलने और फेडेरिको वाल्वरडे को मिडफील्ड में लाने का मौका मिला।

चौथे मिनट में, एसेनसियो ने एक लंबी गेंद भेजी, जिसे रूबेन डायस एमबापे के दबाव में संभालने में विफल रहे, और फ्रांस के फॉरवर्ड ने सिटी के गोलकीपर एडरसन के ऊपर से गेंद को उछाला, जो नो-मैन्स लैंड में फंस गए।

## रेफरी को अपशब्द कहने पर जूड बेलिंगहैम पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध

**मैड्रिड (हि.स.)।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ ) की अनुशासनात्मक समिति ने रियल मैड्रिड के इंग्लिश मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया है। यह कार्रवाई उन्हें ओसासुना के खिलाफ पिछले शनिवार को खेले गए मैच में लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद की गई है। मैच के पहले हाफ में रेफरी जोस लुइस मुनुएरा मोंटेरो ने बेलिंगहैम को अपशब्द कहने के आरोप में बाहर भेज दिया था। हालांकि, रियल मैड्रिड ने रेफरी की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेलिंगहैम ने एफ यू की जगह एफ ऑफ कहा था। आरएफईएफ ने बेलिंगहैम को ₹रेफरी के प्रति अनादर₹ का दोषी पाया है, जिसके चलते उन्हें दो मैचों के लिए निलंबित किया गया। यदि उन्हें रेफरी का अपमान करने का दोषी माना जाता, तो उनका प्रतिबंध 4 से 12 मैचों तक बढ़ सकता था।

# भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा



**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में 8 मार्च, 2025 से 15 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता शिरकत करने वाले भारतीय दल में 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 6 खेल स्पधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह भव्य प्रतियोगिता इस साल का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा, जिसमें भारी संख्या में एथलीट, सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोग अपनी भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसमें बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और लचीलापन देखने को मिलेगा। इन खेलों के माध्यम से विश्व स्तर पर समावेश को बढ़ावा मिलेगा।

# मुझे अक्सर संदेह होता था कि मैं फिर से खेल पाऊंगा या नहीं: मोहम्मद शमी



**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि 2023 में टखने की चोट से पीड़ित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी कितनी कठिन रही है और उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्हें लगा कि उन्हें देश के लिए फिर से खेलने का मौका कभी नहीं मिलेगा। शमी को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहे। वह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की हार के बाद से देश के लिए नहीं खेले थे, जहां तेज गेंदबाज टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शमी ने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के पांचवें दौर के मैच के माध्यम से पेशेवर क्रिकेट में सफल वापसी की, जहां उन्होंने अपनी टीम की जीत में सात विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में बंगाल की गेंदबाजी का नेतृत्व भी किया, जिसमें 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट चटकाए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ 3-21 रहा। हालांकि, चोट के फिर से उभरने के कारण पेसर पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से बाहर हो गए। लेकिन, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए चार व्हाइट-बॉल मुकाबलों में भाग लेकर सफल वापसी की।

अब वह गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में देश के लिए खेलते हुए अपनी वापसी को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में होने से लेकर अचानक खुद को ऑपरेटिंग टेबल पर पाना और फिर चोटिल होना वाकई बहुत कठिन था।" शमी ने आईसीसी से कहा, डॉक्टर से मेरा पहला सवाल था 'मुझे मैदान पर वापस आने में कितने दिन लगेंगे'। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता आपको चलाना, फिर जॉगिंग और फिर दौड़ना सिखाना है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में सोचना अभी भी एक दूर का लक्ष्य है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 2025-26 में दुनिया की सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा : आरबीआई

एजेंसी

**मुंबई।** आरबीआई के लेटेस्ट मासिक बुलेटिन के अनुसार, हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान भारत की आर्थिक गतिविधि की गति में क्रमिक वृद्धि की ओर इशारा करते हैं, जो आगे भी जारी रहने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है। आईएमएफ और विश्व बैंक ने क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि केंद्रीय बजट 2025-26 घरेलू आय और खपत को बढ़ावा देने के उपायों के साथ-साथ पूंजीगत व्यय पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर राजकोषीय समेकन और विकास उद्देश्यों को बेहतर तरीके से संतुलित करता है। प्रभावी पूंजीगत व्यय/जीडीपी अनुपात को 2024-25 (संशोधित अनुमान) में 4.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2025-26 में 4.3 प्रतिशत करने का बजट बनाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.3 प्रतिशत पर आ गई, जो पांच महीने का सबसे निचला स्तर है। इसका मुख्य कारण सर्दियों की फसलों के बाजार में आने से सब्जियों की कीमतों में आई तेज गिरावट है।

हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर दशार्ते हैं कि अर्थव्यवस्था 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान सुधार की राह पर है। जनवरी में परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में औद्योगिक गतिविधि में पिछली तिमाही की तुलना में सुधार दर्ज किया गया है। बुलेटिन के अनुसार ट्रैक्टर की बिक्री में वृद्धि, ईंधन की खपत में वृद्धि और हवाई यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि भी समग्र गति में सुधार की ओर इशारा करती है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि कृषि आय में वृद्धि से ग्रामीण मांग में तेजी बनी हुई है।




रिजर्व बैंक द्वारा किए गए उद्यम सर्वेक्षण इस आकलन की पुष्टि करते हैं। सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों ने शुरूआती परिणामों के अनुसार तीसरी तिमाही के दौरान बिक्री वृद्धि में तेजी दर्ज की। रिपोर्ट के अनुसार, क्रमिक आधार पर, परिचालन लाभ मार्जिन भी बेहतर बिक्री वृद्धि के अनुरूप अधिक रहा है। इसमें आगे कहा गया है कि निजी क्षेत्र के निवेश इरादे स्थिर रहे, बैंकों/वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत चालू वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये रही। पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से ईसीबी और आईपीओ में भी तीसरी तिमाही के दौरान वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक व्यापार और भू-राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता का घरेलू इक्विटी बाजारों पर असर पड़ा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से बिक्री दबाव के कारण बेंचमार्क और व्यापक बाजारों में गिरावट आई क्योंकि भावनाएं कमजोर रहीं।

# ग्रीन शिपिंग को बढ़ावा देने के लिए भारत में बड़े कदम उठाए गए : केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर



**मुंबई(आईएएनएस)।** मुंबई में आयोजित शिपिंग महानिदेशालय (डीजीएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन इंजीनियर्स (इंडिया) के ग्रीन शिपिंग कॉन्क्लेव 2025 में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है और इसे नियंत्रित करने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से देश में ग्रीन पोर्ट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे समुद्री क्षेत्र के हितधारकों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जब से इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन (आईएमओ) भारत के साथ जुड़ा है, तब से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। दुनिया के बारह प्रमुख देश इस दिशा में जो तकनीक अपना रहे हैं, भारत भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने ग्रीन शिपिंग की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे भारत का समुद्री क्षेत्र मजबूत होगा।

# आईफोन 16ई एप्पल के लिए भारत में मील का पत्थर होगा साबित : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** उद्योग विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा कि एप्पल द्वारा भारत में अपने विकास की गति को बनाए रखने और विकसित बाजारों में मांग को फिर से बढ़ाने के लिए आईफोन 16ई का लॉन्च एक महत्वपूर्ण कदम है। एप्पल ने हाल ही में आईफोन 16ई की घोषणा की है, जो आईफोन 16 लाइनअप का एक नया प्रोडक्ट है। यह ज्यादा किफायती मूल्य पर पावरफुल कैपेबिलिटी प्रदान करता है। यह फोन ए18 चिप की इंडस्ट्री-लीडिंग एफिशिएंसी और एप्पल द्वारा डिजाइन किए गए पहले सेलुलर मॉडेम के साथ फास्ट, स्मूद परफॉर्मेंस और बेहतरीन बैटरी लाइफ के साथ लाया गया है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में भारत में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई, जबकि सुपर-प्रीमियम (50,000 रुपये से 1,00,000 रुपये) और उबर-प्रीमियम (1,00,000 रुपये से ऊपर) सेगमेंट में क्रमशः 10 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अब हर पांच डिवाइस में से लगभग एक प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो कंज्यूमर की कटिंग-एज टेक्नोलॉजी और लाइफस्टाइल-ऑरिएंटेड वरीयता से जुड़ा है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद

**मुंबई।** भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में आईटी, फार्मा और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,735.96 पर बंद हुआ। सूचकांक ने 75,794.15 के इंट्रा-डे हाई को छुआ था, लेकिन बंद होने से पहले 75,463.01 का निचला स्तर भी देखा। निफ्टी सूचकांक 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,913.15 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान सूचकांक 22,923.85 और 22,812.75 के बीच कारोबार करता रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, एक और दिन निफ्टी के एक सीमित दायरे में रहने और एक निर्धारित स्तर से आगे न बढ़ पाने के साथ बीता। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे ने कहा, हालांकि, ब्रॉडर मार्केट शेयरों में शानदार तेजी देखी गई।

# मैट्रिक पेपर लीक की सीबीआई जांच कराए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

## शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि पेपर लीक मामले में हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह से विज्ञान विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। परीक्षा शुरू होने के बाद जब प्रश्न पत्र से मिलान किया गया तो हू-ब-हु मिल गया। कहा कि पूरी संभावना है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी ने ही मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक कांड को अंजाम दिया है। कहा कि जैक अध्यक्ष ने भी प्रश्न पत्र मिलने की बात स्वीकार की है, जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारी लीपापोती करने में लगे हैं। कहा कि मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक की घटना अस्वीकार्य है। शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपना इस्तीफा दें। राज्य सरकार इस पेपर लीक कांड के सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पेपर लीक मामले पर पक्ष-विपक्ष ना करे भाजपा : कमल ठाकुर



जैक बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले पर कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर ने कहा कि घटना से आहत हूं। झारखंड सरकार बच्चों के लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जिस प्रकार पेपर लीक मामले पर पक्ष-विपक्ष कर रहे हैं यह बिलकुल उचित नहीं है। पेपर लीक हुआ है इस पर कार्रवाई भी की जा रही है। बच्चों के भविष्य के साथ किसी को खेलने नहीं दिया जाएगा। वहीं प्रवक्ता कमल ठाकुर ने बाबूलाल मरांडी पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी को पेपर लीक मामले में काफी कष्ट है तो केंद्र में जाकर सवाल करें कि आखिर क्यों आईआईटी के पेपर लीक होते हैं। गुजरात में ही पेपर लिक के मामले क्यों आते है। देश में केंद्र स्तर के लगभग 70 पेपर लीक करने में किसका हाथ था? उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अपने राज्य के बच्चों के लिए संवेदनशील है।

### पेपर लीक शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है : संजय मेहता



**रांची।** 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने पर आजसू नेता संजय मेहता ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे शिक्षा तंत्र पर गहरा प्रहार बताया है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है और सरकार को इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय मेहता एवं छात्र संघ के अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा की इस मामले की सीबीआई जांच की जानी चाहिए। साथ ही तीन दिनों में इसका भंडाफोड़ किया जाए। वहीं जैक अध्यक्ष से इस्तीफा लिया जाए। संजय मेहता ने कहा, यह पेपर लीक घोटाला झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है। मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।]

### दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले की हो निष्पक्ष जांच : अभाविप



**रांची।** राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। अभाविप झारखंड के प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिए चिंताजनक है। सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस तरह की कुसंगतियां जैक की क्षमता को उजागर करती है। अभाविप मांग करती है कि भविष्य में समस्याओं को रोकने के लिए जैक अपनी कार्य प्रणाली को

### मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण : अबुआ अधिकार मंच



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सीबीआई जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हुए और अब मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यह उन मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय है जो पूरे वर्ष मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। शुक्ला ने मांग की कि प्रश्न पत्र लीक करने वालों की पहचान कर निष्पक्ष जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाए, चाहे वे आम लोग हों या जैक से जुड़े अधिकारी ताकि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रहे।



### जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल पहुंचे रांची

**रांची।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रांची के विकास भारती पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो दे कर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## माहवीर चौक में लगी आग लाखों के सामान जल कर राख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के अपर बाजार के महावीर चौक स्थित शर्मा टॉवर मे भीषण आग लग गई है। यह घटना गुरुवार की सुबह की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आग लगी में तीन दुकाने बुरी तरह जल गई लाखों का नुक्सान हो गया। शर्मा टावर भी बुरी तरह ध्वस्त हो गया। हालांकि आगलगी में किसी के जान की हानि नहीं हुई है। आगलगी में पायल होजिरी नामक दुकान जिनके संचालक हरजीत सिंह बेदी हैं उन्होंने बताया आग लगी में करीबन 55 लाख का नुक्सान हुआ है। वहीं समीर बेदी, पायल गारमेंट्स के संचालक है उन्होंने बताया लगभग 75 लाख का सामान जल गया है। वहीं शर्मा टॉवर में ही स्थित रांची होम फर्निशिंग की संचालक शोभा देवी ने बताया करीबन 54 लाख का सामान जल गया हैं। जलने वाली तीनों दुकानों में पायल होजिरी और पायल गारमेंट्स का इन्सुरेंस था लेकिन रांची होम फर्निशिंग नहीं था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची है। बिल्डिंग में आग कैसे लगी, इसका कारण अभी तक सामने नहीं आया है. हालांकि पुलिस के द्वारा बताया गया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट है।

### फायर फाइटर्स ने जान पर खेल बुझाई आग

आग लगने की सूचना पर पहुंचे फायर फाइटर ने अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पाना शुरू किया। फायर फाइटर्स सीढ़ी के सहारे अलग-अलग तल्ले पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में लगे रहे। ऊपर तल्ले में आग धधक रहा था और उसके नीचे फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे।




### 8 घंटे बाद बुझी आग

सुबह 7 बजे से मशक्कत शुरू हो गई। 3 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। आग पर काबू पाने में कुल 8 घंटे लग गए। इस आग में पायल होजियरी एंड टेक्सटाइल्स के संचालक आग पर काबू पाने में रांची के विधायक सीपी सिंह और पूर्व पार्षद सुनील सिंह मामा की अहम भूमिका रही। यदि नगर निगम से टैंकर नहीं आता, तो आग पर काबू पाना मुश्किल था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार की सुबह रांची में बारिश के साथ बिजली भी लगातार कड़क रही थी। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने की वजह अपर बाजार के महावीर चौक स्थित शर्मा काम्प्लेक्स में अचानक आग लग गई। जब आग की लपटें और धुआं लोगों को दिखाई दिया तब उन्हें यह जानकारी मिली कि शर्मा मार्केट में आग लग गई है। इसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। आधे घंटे के भीतर फायर बिग्रेड की टीम छह दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई।

## आयुष्मान योजना झारखंड सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन का पहला शिकार: अजय साह



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस आयुष्मान भारत योजना का लाभ पूरे देश में जरूरतमंदों को मिल रहा है, उसी योजना को झारखंड सरकार बंद करने की तैयारी कर रही है। अजय साह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी उस आदेश का उल्लेख किया, जिसमें आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के नए नियमों का प्रावधान किया गया है। इस आदेश के अनुसार, अब केवल उन्हीं अस्पतालों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा जो शहरी क्षेत्रों में कम से कम 50 बिस्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 30 बिस्तरों की सुविधा रखते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस आदेश के लागू होने के बाद पूरे झारखंड में मुश्किल से 15 अस्पताल ही ऐसे रह जाएंगे, जो इस योजना का लाभ प्रदान कर पाएंगे। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पूरी तरह वित्तीय कुप्रबंधन में फंस चुकी है, जिसके चलते विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझकर ऐसे नियम बनाए हैं, जिनसे राज्य के अधिकांश अस्पताल इस योजना से बाहर हो जाएं, जिससे सरकार को योजना के फंड में कटौती करने का अवसर मिल जाए।अजय साह ने मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने छोटे अस्पतालों में कथित भ्रष्टाचार रोकने के लिए उन्हें योजना से बाहर करने की बात कही थी। उन्होंने मांग की कि सरकार उन अस्पतालों के नाम और उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करे।

## ‘छावा’ फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : डॉ अमरदीप यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने श्रीछत्रपति संभाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास पर बनी फिल्म ‘छावा’ को झारखंड में टैक्स फ्री करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। डॉ अमरदीप यादव ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि फिल्म ‘छावा’ को मनोरंजन कर मुक्त किया जाए ताकि अधिक से अधिक झारखंडवासी विशेष रूप से युवा एवं विद्यार्थी वर्ग इस फिल्म को देखकर हिंदवी स्वराज के महानायक के गौरवशाली एवं संघर्षमयी इतिहास को जान सकें। राज्यवासी छत्रपति शंभाजी महाराज के जीवन से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद की प्रेरणा लेंगे। पत्र में डॉ अमरदीप ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद उनके सुपुत्र हिंदवी स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले संभाजी महाराज की वीरता, ओजस्विता और साहस अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। औरंगजेब द्वारा छल-बल का उपयोग कर छत्रपति शंभूराजे एवं उनके मित्र कवि कलश को गिरफ्तार करने के बाद सब यातनाएं दी, दोनों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, किंतु स्वराज का भाव और हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। इस फिल्म को अधिक से अधिक दर्शक देखे, इसलिए फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त करना चाहिए। फिल्म टैक्स फ्री होगी तो टिकट दर सस्ती हो जाएगी, लोग आकर्षित होंगे और फिल्म देखने वाले दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने राज्यों में फिल्म ‘छावा’ को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है और महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि उनके राज्य में भी जल्द उक्त फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त किया जाएगा।

## अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के संयोजक बने डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल को अखिल भारतीय संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का झारखंड संयोजक नियुक्त किया गया है।गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संयोजक राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच की बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य प्रदेशों में भी संयोजकों की नियुक्ति के साथ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए डॉ मंडल ने कहा कि यदि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति न होती तो भारतीय लोकतंत्र पर छाये खतरे के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में देखे गए सारे सपने समाप्त हो जाते। डॉ मंडल ने कहा कि जेपी आंदोलन की भावनाओं को जिंदा रखना ही संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का सबसे प्रमुख मुद्दा है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रूपरेखा एवं एजेंडा तैयार करना मंच का लक्ष्य है। मंच ने इसी क्रम में विविध राज्यों में राज्य संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की गई जिसमें डॉ सूरज मंडल को झारखंड का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा जग्गनाथ शहाने, अन्ना जी राजेदार, संजय राजेदार, सुभाष रामप्पायेवते, अजय भूजवल, भीमराव शंकरराव देवकर, सचिन विटल राव पाटिल, चन्द्र छावडा, लक्ष्मण सेव पाटिल, करीम भाई, डॉ प्रेम सुख सुराना, दीप चन्द्र शर्मा, संभागलाल नाहर, राजेन्द्र दीक्षित, करनी दान सिंह, बलवंत सिंह निडर, ओम प्रकाश वाधवा, महावीर भरद्वाज, तारकेश्वर सिंह, बजरंग सिंह, एम के मधु, ओम प्रकाश द्विवेदी, मोहन आर वालूवा आदि को विविध राज्य संयोजक अथवा अन्य पदों पर मनोनीत किया गया है।



### बीएसएल के डायरेक्टर सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डायरेक्टर -इन -चार्ज, बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (माइंस, सेल, बोकारो) विकास मनवटी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### आपकी हर परेशानी मेरी जिम्मेदारी : डॉ इरफान अंसारी



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। अपने दौरे में उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इसी तरह अपना समर्थन और स्नेह बनाए रखें, जिससे वे और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ जनता की सेवा में लगे रहें। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के साथ हर पल खड़ा हूं। मैं राजनीति में सेवा भाव से आया हूं, और यह सेवा सतत जारी रहेगी। आपकी हर परेशानी मेरी जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार और प्रशासन जनता की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सीसीएल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर ने गुरुवार को इचापीढ़ी गांव में निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 135 लोगों की निःशुल्क जांच की और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया और दवा भी दिया गया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सीएमओ, सी एसआर इंचार्ज, डॉ रजनी दीपा कुजूर, डॉ दीपाली, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### माता शबरी की जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई



**रांची।** माता शबरी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में मनाई गई। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि माता शबरी प्रभु श्री राम की अनन्य भक्त होने का सौभाग्य प्राप्त किया। कर्मवीर सिंह ने कहा माता शबरी का असली नाम श्रमणा था वो भीलों के राजा की बेटी थीं। माता शबरी के मन में प्रभु राम के प्रति बहुत स्नेह था।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री को सुदेश महतो ने दी शुभकामनाएं



**रांची।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने सरकार का गठन किया, जिसमें रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस भव्य समारोह में मंत्री परिषद के अन्य सदस्यों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने नव नियुक्त मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में आशा व्यक्त की कि नई सरकार दिल्ली के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास करेगी।

## सभी उपायुक्त कैलेंडर बना कर कार्यों का करें निपटारा : अलका तिवारी

### मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आएगी वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वे गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के शिकार हैं।



**योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें**

मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा।

**उपायुक्त संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए समस्याओं को दूर करें**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।

**कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूर्ण करें**

कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आइसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है।

## बांग्लादेश में शहीद दिवस आज सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**ढाका।** बांग्लादेश में शहीद दिवस और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या दिवस पर गुरुवार को प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गए हैं। किसी भी प्रतिबंधित समूह और संगठन के सदस्यों को शुक्रवार को केंद्रीय शहीद मीनार परिसर में प्रवेश करने और अव्यवस्था पैदा करने से रोकने के लिए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) को तैनात किया गया है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार आरएबी लीगल एंड मीडिया विंग के सहायक निदेशक एएसपी मुत्ताजुल इस्लाम ने कहा कि इसके अतिरिक्त शहीद मीनार की ओर जाने वाले चौराहों पर चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस शहीद दिवस और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के सम्मान में शहीद मीनार पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। राजधानी और देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग भी शहीद मीनार पर भाषायी शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। एएसपी इस्लाम ने कहा कि सभी संभावित जोखिमों का आकलन करने के बाद आरएबी ने अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों, खुफिया एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय में सुरक्षा उपायों को मजबूत किया है।

## श्रीलंकाई पुलिस देखती रह गई भाड़े के हत्यारे ने कोर्ट में अंडरवर्ल्ड सरगना को मार दी गोली

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी के हल्फ्सडॉर्प अदालत परिसर के कोर्ट नंबर 5 के अंदर पुलिस के कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अंडरवर्ल्ड सरगना गनेमुल्ले संजीवा की हत्या से गंभीर सवाल उठे हैं। पुलिस प्रवक्ता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुद्धिका मनातुंगा ने माना कि हत्यारों ने इस तथ्य का फायदा उठाया कि पुलिस वकीलों की जांच नहीं करती। मनातुंगा ने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रहीं। उन्हें ठीक करने के लिए भविष्य में कदम उठाए जाएंगे। द आइसलैंड न्यूज पेपर के अनुसार, दोनों हत्यारे वकील के वेश में पहुंचे। इनमें एक महिला है। इस महिला ने हथियार पहुंचाने में मदद की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपित बंदूकधारी कुख्यात सुपारी किलर है। गोलीबारी के बाद हत्यारे ने भागने से पहले हथियार को अदालत कक्ष के अंदर फेंक दिया। पुलिस को संदेह है कि यह हत्याकांड दुबई से संचालित प्रतिद्वंद्वी अंडरवर्ल्ड गिरोह ने करवाया। पुलिस प्रवक्ता बुद्धिका मनातुंगा के अनुसार, गनेमुल्ला संजीवा उर्फ संजीव कुमार समररत्ने को 19 फरवरी की सुबह लगभग 9:50 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बूसा जेल से अदालत परिसर लाया गया। सशस्त्र एसटीएफ अधिकारियों को अदालत कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए वे बाहर प्रवेश द्वार के पास ही रुके रहे। कोर्ट कक्ष में अंडरवर्ल्ड सरगना संजीव को पुलिस की निगरानी में बैठाया गया। जांच में साफ हुआ है कि हत्यारा उसके पहुंचने से पहले ही अदालत कक्ष में दाखिल हो चुका था। वहां उसकी महिला साथी पहले से मौजूद थी। जैसे ही संजीव को कटघरे पर पहुंचाया गया, हत्यारे ने उसपर पिस्तौल से दनादन पांच फायर झोंक दिए। अदालत कक्ष में गोली चलते ही अफरातफरी मच गई। इस दौरान हत्यारा अपनी महिला साथी के साथ भाग गया। संजीव को तुरंत कोलंबो नेशनल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसे दम तोड़ दिया।

## पाकिस्तान में रमजान माह का निर्धारण करने के लिए 28 फरवरी को बैठक

**इस्लामाबाद।** केंद्रीय रुएत-ए-हिलाल समिति रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत का निर्धारण करने के लिए 28 फरवरी की शाम पेशावर में बैठक करेगी। इस बैठक के बाद चांद देखने की कवायद शुरू होगी। धार्मिक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल खबीर आजाद के नेतृत्व में 28 फरवरी को बैठक अस्र की नमाज के बाद शुरू होगी। इसके बाद क्षेत्रीय समितियां चांद दिखने की रिपोर्ट प्राप्त करने और उसका आकलन करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एकत्रित होंगी। केंद्रीय बैठक में सभी विचारधाराओं के मौलवी हिस्सा लेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान में रमजान के उपवास का पहला दिन 2 मार्च को पड़ने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए कि अमावस्या 28 फरवरी की शाम 5:45 बजे से लगेगी। इससे 1 मार्च को अर्धचंद्र दिखने की संभावना बढ़ जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक खगोल विज्ञान केंद्र ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना 1 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है।

### दिल्ली में शपथ ग्रहण के बाद राजग की हुई बैठक

# बिहार और बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के बाद 'इंपीरियल' होटल में भाजपा-नीत राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। इस दौरान राजग नेताओं ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे।

इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और अन्य घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं ने भी इसमें शिरकत की। इस बैठक में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी को सभी ने महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में मिली जीत पर बधाई दी। वहीं दूसरी ओर आगामी बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य चुनावों में एकजुटता से लड़ने का आश्वासन दिया।

दोपहर भोज के बाद नेताओं ने एक सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। राजग के घटक दल के नेताओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार प्रमुख रूप से शामिल हुए। महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जदयू नेता एवं केन्द्रीय मंत्री लल्लन सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राजग के नेता शपथ ग्रहण समारोह के लिए दिल्ली आए थे। शपथ समारोह के बाद राजग नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की जीत के लिए बधाई दी। सभी राजग नेताओं ने सभी आगामी चुनावों जैसे बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए दृढ़ता से लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर के तहत चुनाव लड़ेंगे।

राजग नेताओं ने होटल में जाते और बाहर निकलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री का पदभार संभालने वाली रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रियों को बधाई दी।

### छात्रों से राहुल गांधी का सवाल

# मायावती आज कल क्यों ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं ?

**एजेंसी। रायबरेली**

अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी गुरुवार को छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने रायबरेली में मूल भारती छात्रवास में छात्रों से सवाल किया। पूछा- मायावती आज कल क्यो ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे बहन जी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़ें। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जातीं तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती। मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहीं हैं। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कि कोई नहीं, तो गांधी ने उससे पूछा, क्यों नहीं। दूसरे युवा ने जवाब दिया, क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। वे अपने प्रयासों में अकेले थे, फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया था। एक पूरी व्यवस्था है जो दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है। आधे से ज्यादा बार तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला कर जाती है।

नेता विपक्ष ने कहा कि आपको यह समझने की जरूरत है कि संविधान की विचारधारा ही आपकी विचारधारा है। मैं आपको गारंटी के साथ कह सकता हूं कि अगर इस देश में दलित नहीं होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता। यह आपकी विचारधारा है, यह आपका संविधान है, लेकिन आप जहां भी जाते हैं, आपको कुचल दिया जाता है।

### छोटे और मध्यम उद्योग ही लाखों की संख्या में करते हैं रोजगार पैदा : राहुल गांधी



लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी जैसे बड़े बिजनेसमैन रोजगार नहीं पैदा करते, बल्कि ये लोग चीन का माल लाकर देश में बेचते हैं, जिससे बेरोजगारी और बढ़ती है। छोटे और मध्यम उद्योग ही लाखों की संख्या में रोजगार पैदा करते हैं। वह गुरुवार को रायबरेली में थे। वहां पर उन्होंने हनुमान मंदिर में मत्था टेका और बछरावां में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा जीएसटी और नोटबन्दी करके देश में बेरोजगारी बढ़ाई है। सरकार यदि ईमानदारी से काम करने लगे तो युवाओं को रोजगार मिलने लगेगा। युवा जब रोजगार मांगने जाता है तो उसे रोजगार नहीं मिलता। बैंक लोन के लिए जाता है तो उसे लोन नहीं मिलता। यदि बैंक ने लोन दे भी दिया तो भारी ब्याज़ पर जो वह चुकाने में असमर्थ हो जाता है। किसान जितनी मेहनत करता है उसका उसे कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। आज किसान अपनी उपज को सड़क पर फेंकने को मजबूर है। किसानों के लिए गांव से शहर तक एक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना चाहिए।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया विशेष एनसीडी जांच अभियान

# 30 वर्ष और उससे ऊपर के लोगों का होगा कवरेज

- घर-घर जाकर किया जाएगा संपर्क, बहु-एजेंसी सहयोग और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वास्तविक समय की निगरानी शामिल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को विशेष सघन एनसीडी जांच अभियान शुरू किया है। 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलने वाली इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ-साथ ओरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों के उपचार के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की शत प्रतिशत जांच करना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार यह अभियान राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) और देशभर में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा।

केंद्र सरकार निवारक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और आयुष्मान भारत पहल के तहत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

#### अभियान की मुख्य विशेषताएं

- प्रशिक्षित आशा, एएनएम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा जांच सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक दौरे करेंगे तथा लोगों के घरों तक पहुंचेंगे।
- राज्य और केंद्रशासित प्रदेश सभी स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों पर बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और आवश्यक दवाओं सहित आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
- जांच, उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई का डेटा प्रतिदिन एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।
- अभियान के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।
- राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रतिदिन शाम 6 बजे तक मंत्रालय को जानकारी उपलब्ध कराएंगे, जिससे निरंतर निगरानी और तकनीकी सहायता मिल सकेगी।

#### इस गहन जांच अभियान का उद्देश्य

**शत-प्रतिशत जांच कवरेज :** इस अभियान का उद्देश्य गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाना और समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

**देखभाल से बेहतर जुड़ाव :** संरचित उपचार और अनुवर्ती प्रोटोकॉल स्थापित करके इस अभियान का उद्देश्य एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना है।

**बेहतर स्वास्थ्य परिणाम :** इस पहल से स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम होने और देशभर में व्यक्तियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

## अंतरिक्ष विज्ञानी जिम फ्री 30 साल की सेवा के बाद नासा से हुए अलग

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) के महत्वपूर्ण स्तंभ अंतरिक्ष विज्ञानी जिम फ्री ने लगभग तीन दशक की सेवा के बाद बुधवार को अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। एसोसिएट प्रशासक जिम फ्री 22 फरवरी से नासा से अलग हो जाएंगे। नासा की वेबसाइट में एसोसिएट प्रशासक जिम फ्री के फैसले का उल्लेख करते हुए उनकी उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई है। नासा की वेबसाइट में कहा गया है कि जनवरी, 2024 से एसोसिएट प्रशासक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नासा ने आर्टेमिस समझौते के लगभग दो दर्जन नए हस्ताक्षरकर्ताओं को जोड़ा। एजेंसी को वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सर्विसेज पहल के माध्यम से चंद्रमा पर पहली लैंडिंग को सक्षम किया। बृहस्पति के बर्फीले महासागर में चंद्रमा का अध्ययन करने के लिए यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च किया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स (उत्पत्ति) के पृथ्वी पर पहुंचाए गए क्षुद्रग्रह बेन्नू के नमूनों में जीवन के लिए सामग्री वाले अणुओं को पाया गया। नासा के कार्यवाहक प्रशासक जेनेट पेट्रो का कहना है कि फ्री ने अपने पूरे करियर में मिशन को पहले स्थान पर रखा। उन्होंने अपने तीन दशक के कार्यकाल में अटूट प्रतिबद्धता दिखाई। फ्री ने लाल ग्रह पर मानव मिशन से पहले मंगल ग्रह से नमूने वापस लाने के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने और काम करने वाले कर्मचारियों का समर्थन किया। चंद्रमा पर नासा के वाष्पशील अन्वेषण ध्रुवीय अन्वेषण रोवर मिशन के लिए उद्योग को नए तरीकों से जोड़ा।

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच



**मुंबई)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी तरह का ई-मेल गुरुवार को फिर से मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी आया है। इसलिए इस तरह का ई-मेल भेजने वालों की छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा की समीक्षा भी की गई है।

### आपका कहीं प्लाट ख़ाली है, तो हो जाएं सावधान

# 12 करोड़ के खाली प्लॉट को फर्जी तरीके से अपने नाम दिखा लोन करा रहे थे 9 शातिर

- स्कूल में पढ़ाई के दौरान देखा था खाली प्लॉट
- बाद में बनाई फर्जी तरीके से इसे अपने नाम कराने और इस पर लोन लेने की योजना
- लॉस्ट रिपोर्ट दर्ज करा निकाले प्लॉट के असली कागजात
- पीड़ित के नाम बना ली अवैध फर्म

**नवीन मेंल संवाददाता**



सांकेतिक तस्वीर

**लखनऊ।** मामला है दिल्ली से सटे नोएडा , उप्र का। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत ,दिल्ली निवासी केदारनाथ राय का नोएडा के सेक्टर-55 में 375 वर्ग मीटर का प्लॉट है। कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने इस खाली प्लॉट पर कब्जा करने व उस पर फर्जी लोन दिलवाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें सरगना सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। आरोपियों ने जीडीए के सेवानिवृत अफ़सर के प्लॉट का कागज निकालकर अवैध फर्म बना ली थी, और इस प्लॉट पर 3 करोड़ 75 लाख रू. के लोन के लिए आवेदन किया था। इनके नाम बुलंदशहर खुर्जा निवासी देवाशीष शर्मा, खेड़ा के इतेश पोशवाल और उसका बेटा नितीश पोशवाल, अनिल भड़ाना, साहिबाबाद के नीरज झा, छिजारसी निवासी विभूति, गाजियाबाद के संजय शाह और दिल्ली के कप्तान व राकेश बिष्ट हैं। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि दिल्ली निवासी केदारनाथ राय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्त हैं। इनका नोएडा के सेक्टर-55 में 375 वर्ग मीटर का प्लॉट है। 14 फरवरी को उनके बेटे ने कैमरे में देखा कि कुछ लोग प्लॉट पर लगा ताला तोड़ रहे हैं। उन्होंने मामले में कोतवाली सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया। अगले दिन कुछ लोग वहां पहुंचे तब पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने केदारनाथ के प्लॉट पर पौने चार करोड़ रुपये का लोन के लिए आवेदन किया था। फाइनेंस कंपनी कर्मचारी आरोपियों के साथ प्लॉट का सर्वे करने आए थे। इसी दौरान ताला तोड़ा गया था।

लॉस्ट रिपोर्ट दर्ज करा कर निकाले प्लॉट के असली कागजात पुलिस का कहना है कि गिरोह का सरगना राकेश बिष्ट और देवाशीष हैं। राकेश ने देवाशीष को विवादित प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी थी। दोनों मई 2023 से सेक्टर-55 स्थित इस प्लॉट को कब्जा करने की साजिश में लग गए। आरोपियों ने पहले केदारनाथ के बारे में पता किया, फिर उनके नाम पर ऑन लाइन एलएआर (लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट) दर्ज कराई। इस रिपोर्ट में अपना मोबाइल नंबर दे दिया। इसी के आधार पर दोनों ने मिलकर नोएडा अथॉरिटी से प्लॉट के सारे कागजात हासिल कर लिए। फिर केदारनाथ के नाम से फर्जी सेल डीड और अन्य कागज तैयार कराए। दोनों ने अनिल भड़ाना, संजय शाह, कप्तान सिंह, नीरज झा, विभूति, नीतेश व अभिषेक से मिले और केदारनाथ के नाम फर्जी तरीके से एमएसएमई के लिए फर्म रजिस्टर्ड कराई और उन्हीं के नाम पर यूनियन बैंक में चालू खाता खुलवाया। नीतेश से 50 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से फर्म में ट्रांसफर कराए। इस रकम को आरोपियों ने बांट लिए और प्लॉट नीतेश पोसवाल के नाम तीन करोड़ 75 लाख रुपये में बेच दिया, जबकि अभी इस प्लॉट की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। इसी प्लॉट पर जालसाजों ने 3.75 करोड़ रुपये लोन लेने के लिए आदित्य बिरला फाइनेंस कंपनी में आवेदन भी किया। कंपनी का कर्मचारी प्लॉट का सर्वे करने 18 फरवरी को दोबारा आया था। तब आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। नौ शातिरों में से एक शातिर देवाशीष ने पहले जिस वनस्थली स्कूल में पढ़ता था। वहाँ जाते समय कई वर्षों से वह इस प्लॉट को खाली देख रहा था। जब उसकी दोस्ती अन्य आरोपियों से हुई और खाली प्लॉट के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की योजना बनाई तब इस खाली प्लॉट के बारे में अपने साथियों को बताया और फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि सरगना राकेश बिष्ट को गिरोह के लोग बड़ा अधिकारी बताते थे। राकेश नोएडा प्राधिकरण व अन्य ऑफिस में भी खुद को बड़ा अधिकारी बताता था।

